UPSSSC सम्मिलित व्यायाम परीक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी परीक्षा, 2018 (द्वितीय पाली)

व्याख्यात्मक हल सहित प्रश्न-पत्र

सीरीज–A-A **परीक्षा तिथि-16.9.2018**

सामान्य बुद्धि परीक्षण

1. नीचे दिए गए अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?
1, 0, 2, 3, 3, 8, 4, 15, 5, _____.

(a) 24 (b) 42
(c) 25 (d) 52

उत्तर–(a)



अत: अगली संख्या '24' होगी।

2. नीचे दिए गए अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?
8, 6, 12, 14, 9, 21, 23, 12, 36, 21, 9,_____

(a) 28 (b) 31
(c) 35 (d) 30

उत्तर–(*)

दिए गए प्रश्न में कोई निश्चित नियम से श्रृंखला नहीं बन पा रही है, जबकि UPSSSC ने इस प्रश्न का उत्तर 35 अर्थात विकल्प (c) को माना है।

3. नीचे दिए गए अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?
2, 7, 4, 21, 6, 43, 8,_____

(a) 64 (b) 37
(c) 73 (d) 46

उत्तर–(c)

2, 7, 4, 21, 6, 43, 8,_____



अत: अगली संख्या '73' है।

4. नीचे दिए गए अनुक्रम में खाली स्थान पर कौन-सा अक्षर आएगा?
O, M, K, I, G, E,_____,_____

(a) B, A (b) A, Z
(c) C, A (d) C, Z

उत्तर–(c)

दी गई अक्षर श्रृंखला निम्नवत है–



अत: खाली स्थान पर C, A होगा।

5. निम्नलिखित श्रृंखला का अवलोकन करें और रिक्त स्थान में सही विकल्प भरें।
ALBC, CLDC,_____,GLHC

(a) OLPC (b) ELFC
(c) LLMC (d) KLLC

उत्तर–(b)

दी गई अक्षर श्रृंखला निम्नवत है–



अत: रिक्त स्थान पर ELFC होगा।

6. निम्नलिखित व्यवस्थापन का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।
ASAT @ # ₹ P Q 1 2 4 S U T &
यदि दिए गए अनुक्रम से सभी संख्याओं और प्रतीकों को निकाल दिया जाता है, तो सबसे अधिक बार आने वाले स्वर (वॉवेल) की पहचान करें।

(a) U (b) T
(c) S (d) A

उत्तर–(d)

A S A T @ # ₹ P Q 1 2 4 S U T &
में केवल दो स्वर का प्रयोग हुआ है, A तथा U का जिसमें A दो बार तथा U एक बार आया है।

अत: सबसे अधिक बार आने वाला स्वर 'A' है।

7. निम्नलिखित क्रम-स्थापन का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।

A # B 7 &/ 6 ₹ + – @ * 9 10 C

यदि उपरोक्त क्रम में से सभी संख्याएं और प्रतीक निकाल दिए जाएं, तो सभी संभावित तीन अक्षरों के संयोजन की कुल संख्याओं की पहचान करें।

(a) 3 (b) 5

(c) 6 (d) 4

उत्तर–(c)

A # B 7 & / 6 ₹ + – @ * 9 10 C

में सभी संख्या और प्रतीक को निकालने पर शेष ABC बचा

अब तीन अक्षर के संयोजन की कुल संख्या $= 3! = 3 \times 2 \times 1$

$= 6$

8. निम्नलिखित क्रम-स्थापन का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।

S D B M 1 4 8 6 3 % T @ © U K 5 V 1 W

$ Y 2 B E 6 # 9 D H 8 G & Z N

दिए गए क्रम-स्थापन में ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के तत्काल बाद एक अक्षर आता है, किंतु उससे तत्काल पहले कोई संख्या नहीं आती है?

(a) चार (b) दो

(c) तीन (d) एक

उत्तर–(c)

S D B M 1 4 8 6 3 % T @ © U K 5 V I W $ Y 2 B E 6 # 9 D H 8 G & Z N

के समूह @ © U, W $ Y तथा G & Z में तत्काल बाद एक अक्षर आता है, किंतु उससे तत्काल पहले कोई संख्या नहीं आती है।

अतः ऐसे प्रतीकों की संख्या तीन है।

9. रेखा-चित्र में '?' के स्थान पर निम्नलिखित विकल्प में से सही संख्या अंकित करें।

6	4	7
1	2	5
7	6	?

(a) 8 (b) 9

(c) 13 (d) 12

उत्तर–(d)

जिस प्रकार

$6 + 1 = 7$

$4 + 2 = 6$

उसी प्रकार

$7 + 5 = 12$

10. यदि '÷' का अर्थ है '+', '–' का अर्थ '÷', '×' का अर्थ '–' और '+' का अर्थ '×' है, तो $\frac{(16\times4)-3\times4}{2+8\times3+15\div1} = ?$ का मान क्या होगा?

(a) 0 (b) 10

(c) 12 (d) 16

उत्तर–(a)

दिया गया समीकरण

$$\frac{(16\times4)-3\times4}{2+8\times3+15\div1} = ?$$

प्रश्नानुसार चिह्न बदलने पर

$$\frac{(16-4)\div3-4}{2\times8-3\times15+1} = \frac{12\div3-4}{2\times8-3\times15+1}$$

$$= \frac{4-4}{16-45+1} = \frac{0}{-28} \Rightarrow 0$$

11. शब्द के अक्षर अव्यवस्थित और संख्यांकित किए गए हैं। उस विकल्प का चयन करें, जो शब्द निर्माण के लिए संख्याओं द्वारा इंगित अक्षरों का सही क्रम दे।

I, A, D, O, H. E, N, S

1 2 3 4 5 6 7 8

(a) 3, 2, 5, 6, 8, 1, 4, 7 (b) 2, 3, 5, 6, 4, 8, 1, 7

(c) 2, 3, 5, 6, 8, 1, 4, 7 (d) 2, 3, 5, 6, 8, 4, 1, 7

उत्तर–(c)

दिए गए अक्षरों से बनने वाला शब्द A D H E S I O N (आसंजन) है।

अतः शब्द निर्माण के लिए संख्याओं द्वारा इंगित क्रम 2, 3, 5, 6, 8, 1, 4, 7 होगा।

12. यदि एक विशेष भाषा में 'CATCHER' को 'ECVEJGT' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो 'LEATHER' को उस कूट में किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

(a) NCGJVGT (b) NGCJVGT

(c) NCGVJGT (d) NGCVJGT

उत्तर–(d)

जिस प्रकार



उसी प्रकार



अतः 'LEATHER' का सही कूट 'NGCVJGT' है।

13. एक विशेष कूट में 'COME' को '@ $ * ?' के रूप में लिखा जाता है और 'BIN' को '#● £ ' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट में 'COMBINE' को किस रूप में लिखा जाएगा?

(a) ? * @ * £ ● # (b) * ? @ ● £ ? $

(c) * ? @ * £ ? # (d) @ $ * # ● £ ?

उत्तर–(d)

जिस प्रकार



उसी प्रकार



अतः COMBINE का सही कूट @ $ * # ● £ ? है।

14. एक विशेष कूट भाषा में 'bit ne toma' का अर्थ 'mango is yellow' है; 'ne ho tap' का अर्थ 'yellow and red' और 'ho toma ka' अर्थ 'sun is red' है। उस भाषा में निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द mango को प्रदर्शित करता है?

(a) ne (b) toma

(c) bit (d) ho

उत्तर–(c)

bit ne (toma) ⟶ mango (is) yellow .....(i)

ne ho tap ⟶ yellow and red .....(ii)

ho (toma) ka ⟶ Sun (is) red .....(iii)

समी. (i), (ii) तथा (iii) से स्पष्ट है कि bit ⇒ Mango को प्रदर्शित करता है।

15. 'दिव्या' और 'सतीश' विवाहित जोड़ा है। 'सैम' और 'अर्नव' भाई हैं। 'सैम' 'सतीश' का भाई है। 'अर्नव' की पुत्री दिव्या के पति से किस रूप में संबंधित है?

(a) चाची/मामी/मौसी/ताई/फूफी/बुआ

(b) भतीजी/भांजी

(c) पुत्री

(d) चचेरी बहन/ममेरी बहन/फुफेरी बहन/मौसेरी बहन

उत्तर–(b)

प्रश्नानुसार



स्पष्ट है कि अर्नव सतीश का भाई है। अतः अर्नव की पुत्री सतीश (दिव्या के पति) की भतीजी होगी।

16. एक व्यक्ति दीप्ति के घर पर जाता है, जो सरयू की पड़ोसन है, जिसकी पुत्री का नाम नित्या है। श्रीनिवास साई के पिता हैं और उनका विवाह पद्मा के साथ हुआ है, जिसकी बहन सरयू है। श्रीनिवास की एकमात्र पुत्री सरयू की मां के एकमात्र पुत्र से किस रूप में संबंधित है?

(a) चाची/मामी/मौसी/ताई/फूफी/बुआ

(b) भतीजी/भांजी

(c) पुत्री

(d) चचेरी बहन/ममेरी बहन/फुफेरी बहन/मौसेरी बहन

उत्तर–(b)



स्पष्ट है कि सरयू की माता का पुत्र; सरयू और पद्मा का भाई होगा। अतः श्रीनिवास की पुत्री, पद्मा के भाई की भांजी होगी।

17. माधव का परिवार संयुक्त परिवार है। उसके परिवार में नायक और सुकेश नामक दो भाई हैं। दोनों का एक-एक पुत्र और एक-एक पुत्री है। उनके परिवार के विषय में शेष जानकारी नीचे दी गई है–

- अमर मुनेश के बहनोई/साला और अमल की मां के पति हैं।
- मुनेश नायक के अविवाहित पुत्र हैं।
- वैष्णवी के पिता विक्रम साक्षी की सास सीमा के पुत्र हैं।
- मैनाक की दादी/नानी कविता अमर की सास हैं।
- माधुरी और मुनेश नायक की संतान हैं और विक्रम और तनूजा उनके चचेरे भाई-बहन हैं।
- साक्षी की दो पुत्रियां हैं और माधुरी के दो पुत्र हैं। जूही और वैष्णवी सगी बहनें हैं।

वैष्णवी, सुकेश से किस रूप में संबंधित है?

(a) पुत्र-वधू (b) भतीजी/भांजी

(c) पत्नी (d) पोती/नातिन

उत्तर–(d)

दिया है



प्रश्नानुसार



∵ वैष्णवी, सुकेश के पुत्र विक्रम की पुत्री है, अतः वैष्णवी सुकेश की पोती है।

18. समान जोड़ी का पता लगाएं।

छात्र : प्राप्तांक : : _____ : _____

(a) शिक्षक : कक्षा (b) कलम : निप

(c) वेटर (बैरा) : टिप (d) विद्वान : पुस्तक

उत्तर–(c)

जिस प्रकार छात्र प्राप्तांक प्राप्त करता है, उसी प्रकार वेटर (बैरा), टिप प्राप्त करता है।

19. प्रश्न में पांच कथनों का एक समुच्चय है। प्रत्येक विकल्प में तीन खंड हैं। उस विकल्प का चयन करें, जिसमें कथन में तीसरा खंड पहले वाले दो कथनों का प्रयोग करते हुए, तार्किक रूप से निकाला जा सके, किंतु वह उनमें से केवल एक में से न हो।

1. केकड़ा-भक्षी केकड़े पसंद करते हैं।
2. लड़के केकड़ा-भक्षी हैं।
3. सरदार एक केकड़ा-भक्षी है।
4. सरदार केकड़े पसंद करता है।
5. सरदार केकड़े खा सकता है।

(a) 4, 3, 1 (b) 1, 4, 3

(c) 1, 2, 5 (d) 1, 2, 4

उत्तर–(d)

प्रश्नानुसार, शर्तों का पालन करने पर बना कथन–केकड़ा-भक्षी केकड़े पसंद करते हैं। लड़के केकड़ा-भक्षी हैं। सरदार केकड़े पसंद करता है।

अतः कथन समुच्चय 1, 2, 4 होगा।

20. प्रश्नों के इस समुच्चय में एक विवरण दिया गया है। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सामान्य ज्ञात घटकों से भिन्न प्रतीत होते हों, फिर निर्णय लें कि दिए गए परिणामों में से कौन-सा परिणाम तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता है?

चूंकि गणेश चतुर्थी का त्योहार निकट आ रहा है, इसलिए विराट राहुल के लिए पटाखे खरीदने के लिए अपने पिता के पास उन्हें समझाने जाता है। वह कहता है, ''पिताजी! मेरे मित्र राहुल को पटाखे बहुत पसंद हैं।''

उसके पिता उत्तर देते हैं, ''बेटे! सभी पटाखे हानिकारक होते हैं और सभी हानिकारक वस्तुएं इस विश्व को रहने के लिए एक निकृष्ट स्थान बनाती हैं'' वे आगे कहते हैं, ''यहां तक कि मिठाइयां भी हानिकारक हैं।''

''किंतु पिताजी, राहुल एक समझदार लड़का है'' विराट तर्क देता है।

उसके पिता उत्तर देते हैं, ''मुझे भी पता है कि राहुल एक समझदार लड़का है, किंतु दुःख की बात है, कुछ समझदार लड़के बुद्धिमान नहीं होते हैं।''

उदास चेहरा लिए, राहुल अपनी ट्यूशन कक्षा के लिए चला जाता है।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन यह परिणाम निकालने के लिए अनावश्यक है कि–''कुछ लोग, जो समझदार होते हैं, वे हानिकारक वस्तुओं को अत्यधिक पसंद करते हैं।''

(a) कुछ समझदार लड़के बुद्धिमान नहीं होते हैं।

(b) राहुल पटाखे बहुत पसंद करता है।

(c) सभी पटाखे हानिकारक होते हैं।

(d) राहुल एक समझदार लड़का है।

उत्तर–(a)

''कुछ लोग जो समझदार होते हैं वे हानिकारक वस्तुओं को अत्यधिक पसंद करते हैं'' उपरोक्त परिणाम निकालने के लिए कथन ''कुछ समझदार लड़के बुद्धिमान नहीं होते हैं।'' अनावश्यक है।

21. भारत में X और Y नामक दो अग्रणी टेलीकॉम कंपनियों द्वारा अर्जित लाभ का प्रतिशत निम्नलिखित आरेख में दिया गया है।



2014 से 2017 तक कंपनी Y के लाभ में प्रतिशत परिवर्तन क्या रहा?

(a) 11.33% (b) 33.33%

(c) 2.53% (d) 8.33%

उत्तर–(d)

वर्ष 2014 से वर्ष 2017 तक कंपनी Y के लाभ में प्रतिशत

$$\text{परिवर्तन} = \left(\frac{65-60}{60}\times 100\right)\%$$

$$= \left(\frac{5}{60}\times 100\right)\% = 8.33\%$$

22. निम्नांकित रेखाचित्र वर्ष 2017 और 2018 में चार उत्पादों के विक्रय के बारे में विवरण दर्शाता है।

वर्ष	उत्पाद 1	उत्पाद 2	उत्पाद 3	उत्पाद 4
2017	**28**	**23**	**17**	**27**
2018	**64**	**55**	**46**	**76**

दोनों वर्षों में उत्पाद–1 और उत्पाद–2 के औसत विक्रय और दोनों वर्षों में उत्पाद–3 और उत्पाद–4 के औसत विक्रय का अनुपात ज्ञात करें।

(a) 85 : 83 (b) 85 : 82

(c) 82 : 85 (d) 83 : 85

उत्तर–(a)

$$\text{दोनों वर्षों में उत्पाद 1 का औसत विक्रय} = \frac{28+64}{2} = \frac{92}{2} = 46$$

$$\text{दोनों वर्षों में उत्पाद 2 का औसत विक्रय} = \frac{23+55}{2} = \frac{78}{2} = 39$$

$$\text{दोनों वर्षों में उत्पाद 3 का औसत विक्रय} = \frac{17+46}{2} = \frac{63}{2}$$

$$\text{दोनों वर्षों में उत्पाद 4 का औसत विक्रय} = \frac{27+76}{2} = \frac{103}{2}$$

$$\text{अभीष्ट अनुपात} = \frac{46+39}{\frac{63}{2}+\frac{103}{2}} = \frac{85}{\frac{166}{2}}$$

$$= \frac{85}{83} \Rightarrow 85 : 83$$

23. हैदराबाद में लोटस चॉकलेट कंपनी प्रा.लि. दो प्रकार की चॉकलेट बार्स–नटचॉक्स और फ्रूटचॉक्स बनाती है। यह 100 बार्स प्रति डब्बे वाले नटचॉक्स बार्स का विक्रय थोक भाव से रु. 480 प्रति डब्बा की दर से करती है और 120 बार्स प्रति डब्बे वाले फ्रूटचॉक्स बार्स का विक्रय थोक भाव से रु. 640 प्रति डब्बा की दर से करती है। वर्ष 2007 के पहले 9 माह के इन दोनों उत्पादों के विक्रय आंकड़े (डब्बों की संख्या सैकड़े में) नीचे लेखा-चित्र में दर्शाए गए हैं।



कितने माहों में नटचॉक्स के डब्बों की अपेक्षा फ्रूटचॉक्स के डब्बों के विक्रय से अधिक धन प्राप्त किया गया?

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) 3

उत्तर–(d)

आंकड़े निम्नवत हैं–

	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून
नटचॉक्स का वि.मू.	14, 400	9, 600	19, 200	28, 800	24, 000	19, 200
फ्रूटचॉक्स का वि.मू.	6, 400	6, 400	32, 000	32, 000	19, 200	25, 600

अतः नटचॉक्स की अपेक्षा फ्रूटचॉक्स के डिब्बों का विक्रय मूल्य 3 महीनों में अधिक प्राप्त किया गया।

नोट–प्रश्न का हिंदी रूपांतरण त्रुटिपूर्ण है। 6 माह के स्थान पर 9 माह लिखा गया है। यहां पर प्रश्न का हल 6 माह से किया गया है।

24. निम्नलिखित प्रश्नों और कथनों पर विचार करें और निर्णय लें कि प्रश्नों का उत्तर देने के लिए कथन में जानकारी पर्याप्त है या नहीं।

प्रश्न :

नाव X की लंबाई कितनी है?

कथन :

I. दो नावें X और Y विपरीत दिशाओं में चल रही हैं और एक-दूसरे के पास से 25 सेकंड्स में गुजर जाती हैं।

II. नाव Y की लंबाई 320 मी. है और नाव X और नाव Y की गतियों में अंतर 14 किमी./घं. का है।

III. नावों की गतियों का अनुपात 19 : 26 है।

(a) केवल कथन I और कथन II के आंकड़े पर्याप्त हैं।

(b) केवल कथन II के आंकड़े पर्याप्त हैं।

(c) केवल कथन I के आंकड़े या केवल कथन II के आंकड़े पर्याप्त हैं।

(d) सभी कथनों I, II और III के संगठित आंकड़े पर्याप्त हैं।

उत्तर–(d)

माना दोनों नाव की चाल $26x$ तथा $19x$ है।

कथन II और III से–

$26x - 19x = 14$

$x = 2$

अतः नाव की चाल $\Rightarrow 26 \times 2 = 52$ किमी./घंटा तथा

$19 \times 2 = 38$ किमी./घंटा है

$\because$ नाव विपरीत दिशा में चल रही है, अतः सापेक्षिक चाल

$= (38 + 52)$ किमी./घं. $= 90$ किमी./घंटा $= 90 \times \frac{5}{18} = 25$ मी./से.

कथन I, II से

माना नाव X की लंबाई x मीटर है।

$\therefore \frac{x+320}{25} = 25$

$x = 625 - 320 \Rightarrow 305$ मी.

अतः सभी कथन I, II और III के संगठित आंकड़े पर्याप्त हैं।

25. निम्नलिखित प्रश्नों और कथनों पर विचार करें और निर्णय लें कि प्रश्नों का उत्तर देने के लिए कथन में जानकारी पर्याप्त है या नहीं।

रतन ने नल्लामाला वन में चार विभिन्न पक्षी देखे–तोता, गौरैया, कबूतर और कौआ। वे नीम, आम, ताड़ और बरगद नामक विभिन्न वृक्षों पर बैठे हैं, किंतु आवश्यक रूप से समान क्रम में नहीं। तोता नीम पर बैठा है और कौआ न तो बरगद पर बैठा है और न ही आम पर।

प्रश्न :

बरगद के वृक्ष पर कौन-सा पक्षी बैठा है?

कथन :

I. गौरैया बरगद के वृक्ष पर नहीं बैठी है।

II. कबूतर न तो ताड़ के वृक्ष पर बैठा है और न ही आम के वृक्ष पर।

(a) केवल कथन I पर्याप्त है।

(b) केवल कथन II पर्याप्त है।

(c) केवल कथन I या केवल कथन II पर्याप्त है।

(d) दोनों कथन I और कथन II पर्याप्त नहीं हैं।

उत्तर–(c)

प्रश्नानुसार

वृक्ष	नीम	आम	ताड़	बरगद
उस पर बैठा पक्षी	तोता		कौआ	

कथन (I)–गौरैया बरगद के वृक्ष पर नहीं बैठी है। अतः यह कहा जा सकता है कि बरगद के वृक्ष पर कबूतर बैठा है।

कथन (II)–कबूतर न ताड़ के वृक्ष पर बैठा है न आम के वृक्ष पर अतः कहा जा सकता है कि कबूतर बरगद के वृक्ष पर बैठा है। अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए केवल कथन (I) या (II) की जानकारी पर्याप्त है।

26. इस प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिनका अनुसरण संख्या I और संख्या II वाली दो धारणाएं करती हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सामान्य ज्ञात घटकों से भिन्न प्रतीत होते हों, फिर सामान्य ज्ञात घटकों पर ध्यान न देते हुए निर्णय लें, कि दी गई धारणाओं में से कौन-सी धारणा तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करती है।

कथन :

पी.एच-डी. गणित की लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों के लिए पत्र में एक वाक्य–'आपको अपनी यात्रा का व्यय स्वयं वहन करना होगा आदि।'

धारणा :

I. यदि स्पष्ट न हो, तो सभी अभ्यर्थी व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए दावा कर सकते हैं।

II. अनेक संगठन लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति करते हैं।

(a) केवल धारणा I अंतर्निहित है।

(b) केवल धारणा II अंतर्निहित है।

(c) या तो धारणा I अंतर्निहित है या धारणा II अंतर्निहित है।

(d) धारणा I और धारणा II दोनों ही अंतर्निहित हैं।

उत्तर–(d)

दिए गए कथन के अनुसार, धारणा (I) और धारणा (II) दोनों कथन का अनुसरण करती हैं।

27. नीचे दिए गए विवरण को सत्य मानें, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए विवरण का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं?

कथन :

अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में हुई अचानक और तीव्र वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सरकार तेल की कीमतों की वर्तमान नीति की समीक्षा करेगी।

निष्कर्ष :

1. सरकार अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में हुई अचानक वृद्धि के बाद तेल की कीमतों में वृद्धि करेगी।
2. सरकार अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में हुई अचानक वृद्धि के बावजूद तेल की कीमतों में वृद्धि नहीं करेगी।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

उत्तर–(c)

दिए गए कथन के आधार पर यही निष्कर्ष निकाला जा सकता है, कि सरकार तेल की कीमतों में वृद्धि करेगी या तो तेल की कीमतों में वृद्धि नहीं करेगी।

28. नीचे दिए गए विवरण को सत्य मानें, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए विवरण का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं?

विवरण :

कठिन परिश्रम का कोई स्थानापन्न/विकल्प नहीं है।

निष्कर्ष :

I. कठिन परिश्रम सफलता की कुंजी है।
II. लक्ष्यों को पाने के छोटे रास्ते नहीं हैं।

(a) निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करता है।
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

उत्तर–(c)

दिए गए विवरण के आधार पर निष्कर्ष (I) कठिन परिश्रम सफलता की कुंजी है और निष्कर्ष (II) लक्ष्यों को पाने के छोटे रास्ते नहीं हैं। दोनों अनुसरण करते हैं।

29. नीचे दिया गया विवरण संख्या I और II के अंतर्गत दो तर्कों का अनुसरण करता है। इन निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़कर यह निर्णय लें कि कौन-सा/से तर्क अधिक मजबूत है/हैं?

विवरण :

क्या विदेश में काम कर रहे भारतीय वैज्ञानिकों को भारत वापस बुलाया जाना चाहिए?

तर्क :

I. हां, उन्हें पहले मातृभूमि की सेवा करनी चाहिए और खोजों, सम्मानों, सुविधाओं आदि के बारे में भूल जाना चाहिए।
II. नहीं, हमारे पास पर्याप्त प्रतिभा है, उन्हें रहने दो जहां वे चाहते हैं।

(a) केवल तर्क I मजबूत है।
(b) केवल तर्क II मजबूत है।
(c) या तो तर्क I या तर्क II मजबूत है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है।

उत्तर–(d)

दिए गए विवरण के आधार पर दोनों तर्क (I) और (II) निर्बल हैं, क्योंकि अगर सभी वैज्ञानिकों को वापस बुला लिया गया, तो देश की अर्थव्यवस्था पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा और हमारे पास पर्याप्त प्रतिभा है यह भी नहीं कहा जा सकता।

30. नीचे दिया गया विवरण संख्या I और II के अंतर्गत दो तर्कों का अनुसरण करता है। इन निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़कर यह निर्णय लें कि कौन-सा/से तर्क अधिक मजबूत है/हैं?

विवरण :

विश्व के लेखक, लोगों पर अव्यक्त रूप से सैनिकों से अधिक प्रभाव डालते हैं।

तर्क :

I. लेखक, लोगों की सोच को प्रभावित करते हैं।
II. शारीरिक शक्ति के साथ कोई व्यक्ति सबको जीत सकता है।

(a) केवल तर्क I मजबूत है।
(b) केवल तर्क II मजबूत है।
(c) या तो तर्क I या तर्क II मजबूत है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है।

उत्तर–(a)

दिए गए विवरण के आधार पर केवल तर्क I मजबूत लग रहा है। लेखक, लोगों की सोच को प्रभावित करते हैं।

31. दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और आगे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें।

तेलंगाना (टी.एस.) में किसी इंटरमीडिएट कॉलेज (टी.एस.आर.जे.सी.) में प्रवेश पाने के लिए निम्नलिखित मानदंड आवश्यक हैं।

(a) उम्मीदवार एस.एस.सी. में न्यूनतम 80% अंकों या सी.बी.एस.सी. में 70% अंकों से पास होना चाहिए।

(b) उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 60% अंकों से पास होना चाहिए।

(c) उम्मीदवार पुरुष होना चाहिए और 1 जून, 2000 को 16 वर्ष का होना चाहिए।

(d) वह तेलंगाना (टी.एस.) का निवासी होना चाहिए और टी.एस. में पैदा एवं बड़ा हुआ होना चाहिए।

यदि वह उपर्युक्त शर्त पूरी नहीं करता है, तो उसके लिए शर्त का विकल्प निम्नलिखित है :

(e) यदि वह शर्त (d) पूरी नहीं करता है, परंतु उसका न्यूनतम एक संबंधी वर्तमान में तेलंगाना में पिछले 5 वर्ष से रह रहा है, तो उम्मीदवार को प्रवेश मिल सकता है।

(f) यदि वह शर्त (b) या (c) पूरी नहीं करता है, परंतु दोनों नहीं और स्पोर्ट्स में छात्र/छात्रा का अच्छा रिकॉर्ड है, तो प्रिंसिपल से मिलने का परामर्श दिया जाता है।

(g) यदि वह शर्त (a) एवं (b) दोनों पूरी नहीं करता है, परंतु कॉलेज को रु. 1,00,000 का दान देने के लिए तैयार है, तो उसे सचिव से मिलने का परामर्श दिया जाता है।

अब निम्नलिखित जानकारी यथा-तिथि 1 जून, 2000 के अनुसार पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।

दीपक ने टी.एस. में एक कॉलेज में आवेदन दिया। वह उत्तर प्रदेश में पैदा और बड़ा हुआ था। वह वर्ष 1980 में पैदा हुआ था और उसने एस.एस.सी. में उत्कृष्ट 95% अंक प्राप्त किए थे। वह प्रवेश परीक्षा में 65% अंकों से पास हुआ था और उसका एक सगा संबंधी टी.एस. में पिछले 10 वर्ष से कार्यरत है।

निम्नलिखित विकल्पों में दीपक की स्थिति क्या होगी?

(a) उसे प्रवेश मिल सकता है।

(b) उसे प्रवेश नहीं मिल सकता है।

(c) उसे प्रिंसिपल से मिलना पड़ेगा।

(d) उसे सचिव से मिलना पड़ेगा।

उत्तर–(a)

दीपक उत्तर प्रदेश का निवासी है, लेकिन उसका एक सगा संबंधी 10 वर्ष से तेलंगाना में कार्यरत है तथा वह एस.एस.सी. में न्यूनतम अंक में 80% से अधिक प्राप्त किया था तथा वह प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम अंक 60% से भी अधिक प्राप्त किया तथा वह 1 जून, 2000 को 16 वर्ष से अधिक आयु का है। अतः दीपक को प्रवेश मिल सकता है।

32. निम्नलिखित वेन-आरेख में एक कॉलोनी की जानकारी की दी है। △ गायकों, ▭ प्रमाणीकृत, □ शहरी और ○ व्यावसायिकों का प्रतिनिधित्व करते हैं।



निम्नलिखित में से कितने उन प्रमाणीकृत गायकों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो शहरी नहीं हैं और व्यावसायिक भी नहीं है?

(a) 4 (b) 11

(c) 9 (d) 5

उत्तर–(b)

वेन आरेख से स्पष्ट है कि 11 उन प्रमाणीकृत गायकों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो शहरी नहीं है और व्यावसायिक भी नहीं हैं।

33. एक बस्ती में 30 से 55 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को निम्नलिखित तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है–



नौकरी करने वाले पिछड़े अशिक्षित लोगों की संख्या और केवल शिक्षित, केवल पिछड़े और केवल नौकरीशुदा लोगों की संख्या के योग का अनुपात बताएं।

(a) 5 : 32 (b) 32 : 5

(c) 5 : 23 (d) 23 : 5

उत्तर–(a)

चित्रानुसार, नौकरी करने वाले पिछड़े अशिक्षित लोगों की संख्या = 5

केवल नौकरी, केवल पिछड़े और केवल शिक्षित लोगों की कुल संख्या का योग = 8 + 7 + 17 = 32

अतः इनका अनुपात = 5 : 32

34. पता लगाएं कि विकल्पों में दिए गए निम्नलिखित में से कौन-सा आंकड़ा, चित्र (X) में दिए गए टुकड़ों से बनाया जा सकता है?

(X)


(1) (2) (3) (4)

(a) 
(b)
(c) 
(d) 

उत्तर–(a)

चित्र (x) में दिए गए टुकड़ों से विकल्प (a) में दिया गया आंकड़ा बनाया जा सकता है।

35. पता लगाए कि विकल्पों में दिए गए निम्नलिखित में से कौन-सा आंकड़ा, चित्र (X) में दिए गए टुकड़ों से बनाया जा सकता है?


(X)


(1) (2) (3) (4)

(a)
(b)
(c)
(d)

उत्तर–(a)

चित्र (x) में दिए गए टुकड़ों से विकल्प (a) में दिया गया आंकड़ा बनाया जा सकता है।

36. यदि 21: 30 बजे दीवार-घड़ी की घंटे वाली सुई पश्चिम की ओर और मिनट वाली दक्षिण की ओर है, तो 21:30 बजे से 45 मिनट पहले मिनट वाली सुई किस दिशा में रही होगी?

(a) पश्चिम (b) उत्तर
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण

उत्तर–(a)

प्रारंभिक स्थिति



21.30 से 45 मिनट पहले घड़ी की स्थिति



21: 30 से 45 मिनट पहले का समय = 20 : 45

अत: घड़ी की मिनट की सुई पश्चिम दिशा की ओर रही होगी।

37. विजय अपने मकान की छत पर खड़ा है। वह सूर्य को चर्च के पीछे उदय होता और स्कूल के पीछे अस्त होता देख रहा है। स्कूल से चर्च किस दिशा में है?

(a) पूर्व (b) दक्षिण
(c) पश्चिम (d) उत्तर

उत्तर–(a)





चित्र से स्पष्ट है कि स्कूल से चर्च पूर्व दिशा में है।

38. धनुष पूर्व दिशा की ओर यात्रा करता है? विश्व उत्तर दिशा की ओर यात्रा करता है। गीता और तानिया विपरीत दिशाओं में यात्रा करती हैं। तानिया, धनुष के दाईं ओर यात्रा करती है। नीचे दिया गया कौन-सा विवरण निश्चित रूप से सही है।

(A) विश्व और गीता विपरीत दिशाओं में यात्रा करते हैं।
(B) गीता पश्चिम की ओर यात्रा करती है।
(C) विश्व और गीता एक ही दिशा में यात्रा करते हैं।
(D) तान्या उत्तर की ओर यात्रा करती है।

(a) A (b) B

(c) C (d) D

उत्तर–(c)



चित्र से स्पष्ट है कि विश्व और गीता एक ही दिशा में यात्रा कर रहे हैं।

39. रामू एक ऐसा पासा चाहता है जिसमें विपरीत चेहरे पर बिंदुओं की संख्या के बीच का अंतर 3 हो। नीचे दिए गए विकल्पों में से इस तरह के पासे को पहचानें।

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

उत्तर–(d)

मानक पासा (Standard Dice) के विपरीत सतहों के अंकों का योग 7 होता है तथा आस-पास की दो सतहों के अंकों का योग 7 नहीं होता। अतः विकल्प (d) मानक पासा है।



यदि ऊपरी फलक पर 5 बिंदु होंगे, तो विपरीत फलक पर 2 बिंदु होंगे दोनों बिंदुओं का अंतर 3 होगा।

40. निम्नांकित पहली दो आकृतियों के बीच संबंध का अवलोकन करें और अन्य 5 विकल्पों में से तीसरी आकृति के लिए वही संबंध स्थापित करें।





(a) B (b) E

(c) A (d) C

उत्तर–(b)

जिस प्रकार पहले चित्र की छः आकृतियों की चार-चार रेखाएं मिलकर छः चतुर्भुज का निर्माण करती हैं, उसी प्रकार तीसरे चित्र की पांच आकृतियों की तीन-तीन रेखाएं मिलकर पांच त्रिभुज का निर्माण करेंगी।

41. नीचे दी गई उत्तर आकृतियों में से उस आकृति का चयन करें, जो तीसरी प्रश्न आकृति (c) के साथ वैसा ही संबंध रखती है जैसा कि दूसरी प्रश्न आकृति (b) पहली प्रश्न आकृति (a) से संबंधित है।

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृति :



(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 5

उत्तर–(a)

जिस प्रकार विकल्प (a) में दी गई आकृति रेखा की संख्या एक कम हो रही है और बीच में दिए गए दोनों वृत्त बाहर हो रहे हैं तथा एक रंगीन वृत्त अंदर आ रहा है तथा (b) आकृति प्राप्त हो रही है, उसी प्रकार का परिवर्तन विकल्प (c) में दी गई आकृति में होगा और विकल्प (a) में दी गई आकृति उसका उत्तर होगी।

42. नीचे दी गई आकृतियों को पढ़ें। आकृति (a) और आकृति (b) एक निश्चित रूप से समान है। पांच उत्तर आकृतियों में से आकृति (c) और आकृति (d) के बीच समान संबंध स्थापित करें।





(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 5

उत्तर–(c)

जिस प्रकार का संबंध आकृति (a) का आकृति (b) से है, उसी प्रकार का संबंध आकृति (c) का विकल्प (c) में दी गई आकृति से है।

43. नीचे निम्नलिखित ढांचों के साथ पांच वर्ग दिए गए हैं। इनमें से एक आकृति अन्य चार से मेल नहीं खाती है। मेल न खाने वाली आकृति का चयन करें।



(a) 1 (b) 2
(c) 4 (d) 5

उत्तर–(c)

विकल्प (c) में दी गई आकृति अन्य आकृतियों से भिन्न है।

44. निम्नांकित पहली दो आकृतियों के बीच संबंध का अवलोकन करें और अन्य 5 विकल्पों में से तीसरी आकृति के लिए वही संबंध स्थापित करें।



(a) A (b) D
(c) E (d) B

उत्तर–(b)

जिस प्रकार पहली आकृति 90° दक्षिणावर्त घूमकर तथा त्रिभुज और वृत्त अपना स्थान बदलकर आकृति दो प्राप्त होती है, उसी प्रकार तीसरी आकृति में परिवर्तन होने के बाद विकल्प (b) में दी गई आकृति प्राप्त होगी।

45. निम्नलिखित शृंखला में '?' को क्या प्रतिस्थापित करेगा?
W, P, J, E, A, ?

(a) X (b) W
(c) V (d) Y

उत्तर–(a)



अत: ? = A– 3 = X

46. एक निश्चित कोड भाषा में 'BLACKSMITH' को 'KAMHLIBTCS' के रूप में कोड किया जाता है। उसी भाषा में 'PLAYGROUND' को कैसे कोड किया जाएगा?

(a) GAODLUPNYR (b) GAODLUPNRY
(c) GAODLUPYNR (d) GAODLUNPYR

उत्तर–(a)

जिस प्रकार–	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	B	L	A	C	K	S	M	I	T	H
का परिवर्तन	K	A	M	H	L	I	B	T	C	S
	5	3	7	10	2	8	1	9	4	6
उसी प्रकार–	P	L	A	Y	G	R	O	U	N	D
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
का परिवर्तन	G	A	O	D	L	U	P	N	Y	R
	5	3	7	10	2	8	1	9	4	6

47. एक निश्चित भाषा में 'drinking is harmful' को 'sip boj kas' लिखा जाता है 'quit drinking habit' को 'boj rat sav' लिखा जाता है और 'bad harmful habit' को 'sav sip cat' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'bad' कैसे लिखा जाएगा?

(a) cat (b) sav
(c) boj (d) sip

उत्तर–(a)



स्पष्ट है कि 'bad' को 'cat' लिखा जाएगा।

48. यदि '×' का अर्थ '–', '+' का अर्थ '÷', '–' का अर्थ '×' और '÷' का अर्थ '+' है, तो दिए गए समीकरण का मान क्या होगा?

$7 \times 28 + 7 \div 31 - 4 \div 11 = ?$

(a) 138 (b) 127

(c) 110 (d) 166

उत्तर–(a)

प्रश्नानुसार चिह्नों का परिवर्तन करने पर

$7 - 28 \div 7 + 31 \times 4 + 11 = ?$

$7 - 4 + 124 + 11 = ?$

$142 - 4 = ?$

$138 = ?$

49. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरी अवधि से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरी अवधि पहली अवधि से संबंधित है।

Mountain : Hill : : Lake : ?

(a) Pond (b) Ocean

(c) River (d) Sea

उत्तर–(a)

जिस प्रकार Mountain का छोटा रूप Hill है, उसी प्रकार Lake का छोटा रूप Pond होगा।

50. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरी अवधि से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरी अवधि पहली अवधि से संबंधित है।

General : Specific : : Wide :?

(a) Narrow (b) Open

(c) Broad (d) Closed

उत्तर–(a)

जिस प्रकार General (सामान्य) का विलोम Specific (विशिष्ट) होता है।

उसी प्रकार Wide (विस्तृत) का विलोम Narrow (संकीर्ण) होता है।

सामान्य ज्ञान

51. निम्नलिखित में से कौन-सा कंप्यूटर सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जिसका उपयोग डेटा संग्रहित करने, व्यवस्थित करने और हेर-फेर के लिए किया जाता है?

(a) फायरफॉक्स (b) एक्सेल

(c) आउटलुक (d) पॉवर प्वाइंट

उत्तर–(b)

एक्सेल का प्रथम फीचर्स डेटा संग्रहित करना, व्यवस्थित तथा हेर-फेर करके सेल के ग्रिड तथा पंक्ति में व्यवस्थित करना तथा अंकगणितीय ऑपरेशंस करना होता है।

52. बिटकॉइन क्या है?

(a) डेटा संग्रहित करने की एक डिवाइस

(b) डेटा मापने की एक इकाई

(c) चिप्स के बारे में एक नियम

(d) डिजिटल मुद्रा का एक रूप

उत्तर–(d)

बिटकॉइन एक विकेंद्रीकृत डिजिटल मुद्रा है। यह किसी केंद्रीय बैंक द्वारा संचालित नहीं होता है। यह एक ऐसी मुद्रा है, जिसे न तो देखा जा सकता है और न ही छुआ जा सकता है।

53. निम्नलिखित में से कौन-सा डेटाबेस सॉफ्टवेयर का एक उदाहरण है?

(a) ओरेकल आर.डी.बी.एम.एस.

(b) टैली

(c) थंडरबर्ड

(d) जोहो बुक्स

उत्तर–(a)

डेटाबेस सॉफ्टवेयर को डेटाबेस बनाने और स्टोर करने, प्रतिबंधित करने, बदलने, खोजने और उनके भीतर मौजूद जानकारी निकालने के लिए डिजाइन किया गया है। एक व्यापक डेटाबेस सॉफ्टवेयर प्रोग्राम को कभी-कभी डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली भी कहा जाता है। अन्य डेटाबेस Software ADABAS, IMB, DBZ, MYSQL आदि हैं।

54. वह कौन-सा नियम है, जो बताता है कि प्रोसेसर की गति या कंप्यूटर की समग्र प्रसंस्करण शक्ति प्रत्येक दो वर्ष पर दोगुनी हो जाएगी?

(a) मर्फी का नियम (b) मूर का नियम

(c) चिप का नियम (d) नेल्सन का नियम

उत्तर–(b)

मूर का नियम यह कहता है कि घने एकीकृत सर्किट में ट्रांजिस्टर की संख्या हर दो वर्ष में दोगुना हो जाती है। यह गॉर्डन मूर के अवलोकन के नाम पर रखा गया।

55. निम्नलिखित में से कौन-सा ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर का एक उदाहरण है?

(a) विंडोज 10 (b) एडोब प्रोफेशनल

(c) लिबर ऑफिस (d) नॉर्टन एंटी वायरस

उत्तर–(c)

ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (ओएसएस) किसी भी प्रकार का सॉफ्टवेयर, जो इसके स्रोत कोड (Source Code) के साथ संशोधन के लिए वितरित किया जाता है। अतः इसमें प्रोग्रामर को सॉफ्टवेयर में किसी भी तरह के बदलाव करने का लाइसेंस मिला होता है। लिबर ऑफिस सूट में वर्ड प्रोसेसिंग, स्प्रेडशीट्स, स्लाइडशो, आरेख और चित्रों के निर्माण तथा संपादन का कार्यक्रम शामिल है। यह 110 भाषाओं में उपलब्ध है।

56. उत्तर प्रदेश किस कढ़ाई शैली के लिए विश्व प्रसिद्ध है?

(a) सोजनी (b) रबारी
(c) चिकनकारी (d) कांथा

उत्तर–(c)

चिकनकारी कढ़ाई शैली उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले में प्रचलित है। इसकी खोज का श्रेय नूरजहां को दिया जाता है। चिकनकारी पारंपरिक कढ़ाई में सुई एवं विभिन्न प्रकार के धागों का इस्तेमाल किया जाता है। लखनवी चिकनकारी विश्व प्रसिद्ध है।

57. बी.एच.यू. किस शहर में स्थित है?

(a) इलाहाबाद (b) बरेली
(c) लखनऊ (d) वाराणसी

उत्तर–(d)

बी.एच.यू. (बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी) उ.प्र. के वाराणसी जिले में स्थित है। इसकी स्थापना मदन मोहन मालवीय द्वारा वर्ष 1916 में की गई थी। यह एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है। यह एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय है।

58. रामलीला और रासलीला उत्तर प्रदेश में.....के उदाहरण हैं।

(a) लोक कथाएं
(b) लोक नाटक और लोक नृत्य शैली
(c) ऐतिहासिक रुचि के स्थान
(d) नायकों के नाम

उत्तर–(b)

रामलीला उत्तरी भारत में विजयदशमी के अवसर पर खेला जाने वाला राम के चरित्र पर आधारित एक लोक नाटक है। इसी तरह रासलीला या कृष्णलीला में युवा व बालक कृष्ण की गतिविधियों का मंचन नृत्य के माध्यम से किया जाता है। यह जन्माष्टमी के मौके पर मनाया जाता है।

59. जनसंख्या के मामले में, उत्तर प्रदेश भारत के राज्यों में किस पायदान/स्थान पर है?

(a) तीसरे (b) चौथा
(c) दूसरे (d) पहले

उत्तर–(d)

उत्तर प्रदेश जनसंख्या के आधार पर भारत का सबसे बड़ा राज्य है। लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है, जबकि प्रयागराज इसकी न्यायिक राजधानी है। राज्य के उत्तर में उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम में हरियाणा, दिल्ली तथा राजस्थान, दक्षिण में मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ और पूर्व में बिहार तथा झारखंड राज्य स्थित हैं।

60. मुरादाबाद किसके लिए प्रसिद्ध है?

(a) धातु की कलाकृतियों के लिए
(b) कपड़ा कार्य
(c) सोना
(d) चर्म उत्पाद

उत्तर–(a)

मुरादाबाद 'पीतल नगरी' के नाम से जाना जाता है। मुरादाबाद बहुत से देशों को जैसे–ब्रिटेन, यू.एस., जर्मनी को पीतल के हस्तशिल्प निर्यात करता है। रामगंगा नदी के तट पर स्थित मुरादाबाद पीतल के हस्तशिल्प के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। मुरादाबाद विशेष रूप से प्राचीन समय की हस्तकला, पीतल के उत्पादों पर की गई रचनात्मकता और हार्न हैंडीक्रॉफ्ट के लिए सबसे प्रसिद्ध है।

61. उत्तर प्रदेश में एकमात्र तेल-रिफाइनरी कहां पर स्थित है?

(a) इलाहाबाद (b) मथुरा
(c) आगरा (d) कानपुर

उत्तर–(b)

उत्तर प्रदेश में एकमात्र तेल रिफाइनरी मथुरा में स्थित है, जो भारतीय तेल निगम द्वारा संचालित की जा रही है। यह इंडियन ऑयल की छठीं रिफाइनरी है। यह रिफाइनरी बॉम्बे हाई, नाइजीरिया तथा मध्य-पूर्व से आयातित सल्फर क्रूड को प्रोसेस करता है।

62. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्वविद्यालय 1917 में सेंट्रल हिंदू कॉलेज के साथ अपने प्रथम घटक कॉलेज के रूप में शुरू किया गया था?

(a) गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (b) राष्ट्रीय विश्वविद्यालय
(c) इलाहाबाद विश्वविद्यालय (d) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय

उत्तर–(d)

काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना, (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय एक्ट के तहत) वर्ष 1916 में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा बसंत पंचमी के पुनीत दिवस पर की गई थी। इसे प्रारंभ में सेंट्रल हिंदू कॉलेज के साथ अपने प्रथम घटक के रूप में शुरू किया गया था। विश्वविद्यालय को 'राष्ट्रीय महत्व का संस्थान' का दर्जा प्राप्त है।

63. उत्तर प्रदेश में किस धर्म के अनुयायी सबसे कम संख्या में हैं?

(a) इस्लाम धर्म (b) हिंदू धर्म

(c) पारसी धर्म (d) बौद्ध धर्म

उत्तर–(c)

धार्मिक जनगणना 2011 के अनुसार, उ.प्र. में सबसे अधिक संख्या हिंदुओं की (79.73%) है। इसके बाद क्रमशः मुसलमानों (19.26%), ईसाइयों (0.18%), सिक्खों (0.32%), बौद्धों (0.10%) तथा जैनियों (0.11%) का है। अन्य धर्मों के अनुयायी मात्र (0.01%) ही हैं।

64. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा उत्तर प्रदेश में सबसे कम लोगों द्वारा बोली जाती है?

(a) संस्कृत (b) उर्दू

(c) भोजपुरी (d) हिंदी

उत्तर–(a)

उत्तर प्रदेश में सबसे कम बोली जाने वाली भाषा संस्कृत है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार (वर्ष 2011 के आंकड़ों के आधार पर) संस्कृत पूरे भारत में केवल 24, 821 लोगों द्वारा बोली जाती है। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी है।

65. निम्नलिखित में से कौन-सी फसल उत्तर प्रदेश में आमतौर पर या व्यापक रूप से उगाई नहीं जाती है?

(a) गेहूं (b) चावल

(c) तिलहन (d) कपास

उत्तर–(d)

उत्तर प्रदेश की मुख्य फसलें चावल, गेहूं, बाजरा, जौ तथा मक्का है। सामान्यतः कपास की फसल नहीं उगाई जाती है।

66. निम्नलिखित में से किस नेता को नेताजी कहा जाता था?

(a) गोपाल कृष्ण गोखले

(b) सुभाष चंद्र बोस

(c) मोहम्मद अली जिन्ना

(d) महात्मा गांधी

उत्तर–(b)

सुभाष चंद्र बोस जो 'नेताजी' के उपनाम से भी जाने जाते हैं, भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों से लड़ने के लिए जापान की सहायता से आजाद हिंद फौज का गठन किया। उनके द्वारा दिया गया 'जय हिंद' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है।

67. निम्नलिखित में से कौन एक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में क्रांतिकारी नेता नहीं थे?

(a) चंद्रशेखर आजाद (b) सूर्य सेन

(c) भगत सिंह (d) गोपाल कृष्ण गोखले

उत्तर–(d)

गोपाल कृष्ण गोखले भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष करने वाले भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं और समाज-सुधारकों में से एक थे। जबकि चंद्रशेखर आजाद, सूर्य सेन और भगत सिंह आदि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के क्रांतिकारी नेता थे।

68. जलालुद्दीन मुहम्मद किस नाम से प्रसिद्ध हैं?

(a) बाबर (b) अकबर

(c) शाहजहां (d) औरंगजेब

उत्तर–(b)

अकबर का पूरा नाम 'जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर' था। उसे सब 'अकबर' नाम से बुलाते थे। वह मुगल साम्राज्य का सबसे शक्तिशाली बादशाह था। अकबर, तैमूर वंशावली में उल्लिखित मुगल वंश का तीसरा शासक था। सम्राट अकबर मुगल साम्राज्य के संस्थापक जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर का पौत्र और नसीरुद्दीन हुमायूं का पुत्र था।

69. खगोलविद् वराहमिहिर और कवि कालिदास किसके दरबार का हिस्सा थे?

(a) विक्रमादित्य (b) बिंबिसार

(c) बिंदुसार (d) पृथ्वीराज चौहान

उत्तर–(a)

खगोलविद् वराहमिहिर और कवि कालिदास सम्राट विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक थे। गुप्त सम्राट चंद्रगुप्त द्वितीय को विक्रमादित्य के नाम से भी जाना जाता है। कालिदास और वराहमिहिर के अलावा अमरसिंह, धन्वंतरि, घटकर्पर, क्षपणक, शंकु, वररुचि तथा बेताल-भट्ट इत्यादि थे।

70. 1917 में चंपारण सत्याग्रह किस राज्य में प्रारंभ किया गया था?

(a) पंजाब (b) उत्तर प्रदेश

(c) बिहार (d) हरियाणा

उत्तर–(c)

चंपारण सत्याग्रह वर्ष 1917 में बिहार के चंपारण जिले में हुआ था। गांधीजी के नेतृत्व में भारत में किया गया यह पहला सत्याग्रह था। इस आंदोलन का कारण भूमिहीन मजदूर एवं गरीब किसानों को अपनी जमीन के 3/20वें हिस्से पर खाद्यान्न के बजाए नील और अन्य नकदी फसलों की खेती करने के लिए बाध्य करना था।

71. अंग्रेजों से आजादी के लिए लड़ रहे भारतीयों द्वारा उठाई गई शपथ कि वे सिर्फ भारतीय निर्मित सामानों, विशेष रूप से कपड़े का उपयोग करेंगे, को.....आंदोलन कहा जाता है।

(a) भारत छोड़ो (b) विदेशी

(c) स्वदेशी (d) होमरूल

उत्तर–(c)

स्वदेशी आंदोलन की रणनीति में ब्रिटिश उत्पादों का बहिष्कार और घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रिया का पुनरुत्थान शामिल था। इस रणनीति का लक्ष्य ब्रिटेन में बने माल का बहिष्कार करना तथा भारत में बने माल का अधिकाधिक प्रयोग करके साम्राज्यवादी ब्रिटेन को आर्थिक हानि पहुंचाना व भारत के लोगों के लिए रोजगार सृजन करना था। यह आंदोलन वर्ष 1905 से लेकर 1911 तक चला। अरविंद घोष, रबींद्रनाथ ठाकुर, वीर सावरकर, लोकमान्य तिलक और लाला लाजपत राय स्वदेशी आंदोलन के मुख्य उद्घोषक थे।

72. सिपाही/विद्रोह किस वर्ष हुआ था?

(a) 1920 (b) 1857

(c) 1935 (d) 1842

उत्तर–(b)

1857 के विद्रोह को प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नाम से जाना जाता है। इसे सिपाही विद्रोह या सैनिक विद्रोह के नाम से भी जाना जाता है। यह एक सशस्त्र विद्रोह था। विद्रोह का अंत भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की समाप्ति तथा पूरे भारत पर ब्रिटिश ताज के प्रत्यक्ष शासन से आरंभ के साथ हुआ।

73. विश्व में सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान कौन-सा है?

(a) थार (b) सहारा

(c) गोबी (d) मोजावे

उत्तर–(b)

विश्व का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान सहारा है, जो कि उत्तरी अफ्रीका के उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्र में पड़ता है। इसका कुल क्षेत्रफल 3.5 मिलियन वर्ग मील है।

74. .....दर्रा तिब्बत के साथ सिक्किम राज्य को जोड़ने वाली भारत-चीन सीमा पर है।

(a) रोहतांग

(b) नाथूला

(c) खारदंग ला

(d) बनिहाल

उत्तर–(b)

सिक्किम स्थित नाथूला हिमालय क्षेत्र में समुद्र तल से 4508 मी. की ऊंचाई पर स्थित है। भारतीय क्षेत्र में सिक्किम की राजधानी गंगटोक से 52 किमी. पूर्व में स्थित नाथूला, चीनी क्षेत्र में तिब्बत पठार की चुंबी घाटी में खुलता है।

75. भारत में किस राज्य में सबसे ज्यादा बांध हैं?

(a) गुजरात (b) छत्तीसगढ़

(c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र

उत्तर–(d)

भारत के महाराष्ट्र राज्य में सबसे ज्यादा बांध हैं, जिसकी संख्या वर्तमान में 1845 है। इसके बाद क्रमशः मध्य प्रदेश (905) तथा गुजरात (666) हैं।

76. पृथ्वी का कठोर बाहरी हिस्सा जिसमें क्रस्ट और बाहरीतम मेंटल शामिल है, उसे क्या कहा जाता है?

(a) जैवमंडल (b) स्थलमंडल

(c) जलमंडल (d) वायुमंडल

उत्तर–(b)

स्थलमंडल भू-पृष्ठ पर पाए जाने वाले ठोस शैल पदार्थों की परतें हैं। यह जीवमंडल का महत्वपूर्ण भाग है। इसका निर्माण खनिज तत्वों, शैलों तथा मिट्टी से हुआ है। स्थलमंडल संपूर्ण पृथ्वी के क्षेत्रफल का 29 प्रतिशत है।

77. काराकोरम पर्वत शृंखला में सबसे ऊंची चोटी कौन-सी है?

(a) नंदा देवी (b) K2

(c) नंगा पर्वत (d) माउंट एवरेस्ट

उत्तर–(b)

काराकोरम पर्वत शृंखला में सबसे ऊंची चोटी K2, जो कि 8611 मी. है। K2 विश्व की दूसरी सबसे ऊंची चोटी है। यह हिमालय पर्वतमाला का एक हिस्सा है। K2 की ऊंचाई विश्व के सर्वोच्च शिखर एवरेस्ट पर्वत (8848 मी.) से सिर्फ 237 मी. कम है।

78. स्वीडन की राजधानी का नाम क्या है?

(a) स्टॉकहोम (b) बर्न

(c) लक्समबर्ग (d) मैड्रिड

उत्तर–(a)

स्वीडन यूरोपीय महाद्वीप में उत्तर में स्केंडिनेविया प्रायद्वीप में स्थित है। स्टॉकहोम इसकी राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। स्वीडिश भाषा इसकी राजभाषा है। स्वीडन एक संवैधानिक और लोकतांत्रिक राजतंत्र है।

79. भारत के राष्ट्रपति का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?

(a) दस वर्ष (b) तीन वर्ष

(c) पांच वर्ष (d) चार वर्ष

उत्तर–(c)

भारत का राष्ट्रपति देश का राष्ट्राध्यक्ष और प्रथम नागरिक है, जिसके पास भारतीय सशस्त्र सेना की कमान है। भारत का राष्ट्रपति लोक सभा, राज्य सभा और विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा चुना जाता है, जिसका कार्यकाल 5 वर्षों का होता है।

80. किसी नए राज्य के गठन के लिए भारतीय संविधान की किस अनुसूची में संशोधन करने की आवश्यकता होती है?

(a) दूसरी (b) प्रथम

(c) तीसरी (d) पांचवीं

उत्तर–(b)

किसी नए राज्य के गठन के लिए संविधान की प्रथम अनुसूची में संशोधन करने की आवश्यकता होती है। प्रथम अनुसूची (अनुच्छेद 1 से 4) में भारत के राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की सूची, उनकी सीमाओं में परिवर्तन और उस परिवर्तन को करने के लिए जरूरी कानून और प्रक्रिया का प्रावधान है।

81. वर्ष 2018 में पंचायती राज की कौन-सी सालगिरह मनाई गई है?

(a) 10वीं (b) 20वीं

(c) 25वीं (d) 30वीं

उत्तर–(c)

पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत आते हैं। यह व्यवस्था ग्रामीण जनता की लोकतंत्र में प्रभावी भागीदारी का एक माध्यम है। 24 अप्रैल, 1993 को इसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था। 24 अप्रैल, 2018 को देश भर में पंचायती राज की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई।

82. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद पर नियुक्ति के पात्र बनने के लिए किसी जज को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कितने वर्षों की सेवा आवश्यक होती है?

(a) 20 वर्ष (b) 5 वर्ष

(c) 15 वर्ष (d) 18 वर्ष

उत्तर–(b)

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा उच्चतम न्यायालय के परामर्शानुसार की जाती है। न्यायाधीश पद पर नियुक्ति के लिए कम-से-कम 5 वर्ष का हाईकोर्ट में न्यायाधीश या 10 वर्ष के लिए अधिवक्ता के रूप में कार्य करना आवश्यक है।

83. निम्नलिखित में से कौन-सा गांधीवादी दर्शन का हिस्सा नहीं है?

(a) अहिंसा (b) ब्रह्मचर्य

(c) व्यवसाय (d) सत्याग्रह

उत्तर–(c)

व्यवसाय, गांधीवादी दर्शन का हिस्सा नहीं है। गांधीवादी दर्शन में सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य और सत्याग्रह आते हैं।

84. किस सामाजिक सुधारक और राजनेता को प्यार से 'बाबासाहेब' कहा जाता था?

(a) मालवीय

(b) तिलक

(c) अम्बेडकर

(d) राजगोपालाचारी

उत्तर–(c)

भीमराव अम्बेडकर को 'बाबासाहेब' के नाम से जाना जाता है। यह मराठी शब्द बाबा (Father) और साहेब (Sir) से मिलकर बना है। वह एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे।

85. भारत की आबादी की औसत आयु सीमा क्या है?

(a) 20-25 वर्ष (b) 25-30 वर्ष

(c) 30-35 वर्ष (d) 35-40 वर्ष

उत्तर–(b)

भारत की आबादी की औसत आयु सीमा 27.9 वर्ष है, जो कि विकल्प 25-30 वर्ष के निकट है।

86. 2017 में दर्ज भारत में शहरीकरण की स्थिति क्या है?

(a) 25-30% (b) 30-35%

(c) 45-50% (d) 50-50%

उत्तर–(b)

शहरी क्षेत्रों के भौतिक विस्तार को शहरीकरण कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का शहरों में जाकर रहना और काम करना भी शहरीकरण है। वर्ष 2017 में भारत का शहरीकरण 33.54% था। यू.एन. विश्व शहरीकरण संभावनाएं 2018 नामक एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की लगभग 34% आबादी अब शहरी क्षेत्रों में रहती है।

87. किस वर्ष भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?

(a) 1977 (b) 1947

(c) 1965 (d) 1969

उत्तर–(d)

19 जुलाई, 1969 को चौदह बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। इन बैंकों पर अधिकतर बड़े औद्योगिक घरानों का कब्जा था। ये राष्ट्रीयकृत बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे बड़े उधारदाता हैं।

88. जुलाई, 2018 के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर कौन हैं?

(a) वाई.वी. रेड्डी (b) उर्जित आर. पटेल
(c) रघुराम राजन (d) डी. सुब्बाराव

उत्तर–(b)

जुलाई, 2018 में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर उर्जित आर. पटेल थे। 10 दिसंबर, 2018 को उन्होंने RBI गवर्नर पद से त्यागपत्र दे दिया। 12 दिसंबर, 2018 को शक्तिकांत दास ने भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर के रूप में पदभार ग्रहण किया।

89. फीफा विश्व कप, 2018 का विजेता कौन है?

(a) इंग्लैंड (b) क्रोएशिया
(c) फ्रांस (d) बेल्जियम

उत्तर–(c)

वर्ष 2018 फीफा विश्व कप का फाइनल मैच फ्रांस और क्रोएशिया के बीच हुआ। जिसमें फ्रांस ने क्रोएशिया को 4-2 से पराजित कर विश्व कप जीता।

90. विंबलडन, 2018 महिला एकल की विजेता कौन हैं?

(a) सेरेना विलियम्स (b) एंजेलिक कर्बर
(c) गार्बिन मुगुरुजा (d) एलिसन वान उय्त्वंक

उत्तर–(b)

विंबलडन, 2018 महिला एकल की विजेता एंजेलिक कर्बर ने सेरेना विलियम्स को 6-3 से पराजित कर कप पर कब्जा किया।

91. 2018 में किस देश ने 'शून्य सहनशीलता' सीमा प्रवर्तन कार्यक्रम लागू करके लगभग 3000 बच्चों को उनके परिवारों से अलग कर दिया था?

(a) रूस (b) भारत
(c) अमेरिका (d) बांग्लादेश

उत्तर–(c)

शून्य सहनशीलता नीति के माध्यम से अवांछनीय आचरण को समाप्त करने के इरादे से किसी निर्दिष्ट नियम के उल्लंघन के लिए सख्त सजा लगाती है। इस नीति को प्रथम बार न्यू जर्सी में वर्ष 1973 में मान्यता मिली। जिसे अमेरिका ने लागू कर 3000 बच्चों को उनके परिवारों से अलग कर दिया।

92. टेस्ला इंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निम्नलिखित में से कौन हैं?

(a) जे.आर.डी. टाटा (b) एलोन मस्क
(c) हेनरी फोर्ड (d) विक्रम पवाह

उत्तर–(b)

एलोन मस्क एक दिग्गज व्यापारी, निवेशक, इंजीनियर और आविष्कारक हैं। एलेन स्पेस एक्स के संस्थापक, सीईओ, मुख्य डिजाइनर, टेस्ला कंपनी के सह संस्थापक, सीईओ हैं।

93. एंथनी बोर्डेन, जिनकी 2018 में हुई अचानक मृत्यु सुर्खियों में थी, वह वास्तव में क्या थे?

(a) हॉलीवुड अभिनेता (b) राजनीतिज्ञ
(c) पॉप संगीतकार (d) शेफ

उत्तर–(d)

एंथनी बोर्डेन जिनकी मृत्यु 8 जून, 2018 को हुई, एक अमेरिकन सेलिब्रिटी शेफ, लेखक तथा टेलीविजन जगत के बड़े व्यक्तित्व में से एक थे। इन्होंने अंतरराष्ट्रीय संस्कृति, व्यंजन और मानव स्थिति की खोज पर ध्यान केंद्रित किया।

94. जून-जुलाई, 2018 में निम्नलिखित में से किस देश में 13 लड़के बचाए जाने से पहले दो सप्ताह तक एक कठिन गुफा में फंसे रहे?

(a) थाईलैंड (b) भारत
(c) रूस (d) बांग्लादेश

उत्तर–(a)

थाईलैंड में 13 लड़के बाढ़ के पानी से भरी गुफा में दो सप्ताह तक फंसे रहे, जिन्हें बाद में थाई नेवी सील द्वारा बचाव अभियान में सुरक्षित बाहर निकाला गया।

95. राष्ट्रीय कृषि बाजार (एन.ए.एम.) क्या है?

(a) कृषि उपज के लिए राष्ट्रीय बाजार
(b) कृषि उपज के लिए राष्ट्रीय विभाग
(c) कृषि उपज के लिए राष्ट्रीय ई-व्यापार मंच
(d) कृषि उपज के लिए राष्ट्रीय समिति

उत्तर–(c)

राष्ट्रीय कृषि बाजार भारत में कृषि वस्तुओं के लिए ऑनलाइन व्यापार मंच है, जो किसानों, व्यापारियों और खरीददारों को वस्तुओं के ऑनलाइन व्यापार के लिए सुविधा प्रदान करता है। इसकी स्थापना 14 अप्रैल, 2016 को हुई थी।

96. भारत द्वारा निर्यात की जाने वाली शीर्ष पांच वस्तुओं में से कौन से दो कृषि उत्पाद हैं?

(a) गेहूं और चावल (b) मक्का और चावल

(c) चावल और चीनी (d) गेहूं और चीनी

उत्तर–(c)

इकोनॉमिक सर्वे, 2017-18 के अनुसार, भारत द्वारा निर्यात की जाने वाली शीर्ष कृषि उत्पादों में चावल (5734 मिलियन डॉलर मू.) तथा चीनी व गुड़ (1338 मिलियन डॉलर मू.) प्रमुख हैं।

97. भारत की जनसंख्या का कितना प्रतिशत रोजगार के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है?

(a) 45-55% (b) 65-70%

(c) 30-40% (d) 60-65%

उत्तर–(*)

यद्यपि वर्ष 2011 की कृषि जनगणना के अनुसार, लगभग 61.5% भारत की आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर थी तथा यह सकल घरेलू उत्पाद में 16-17% योगदान देता है। लेकिन भारतीय आर्थिक सर्वेक्षण 2018 के अनुसार, वर्तमान में भारत की जनसंख्या का लगभग 50 % कृषि क्षेत्र पर निर्भर है।

98. सर्दियों में उगाई जाने वाली फसलें जिनकी वसंत में कटाई की जाती है.....फसलें कहलाती हैं।

(a) रबी (b) खरीफ

(c) नकद (d) भोजन

उत्तर–(a)

रबी फसलों की बुआई के समय कम तापमान तथा पकते समय शुष्क और गर्म वातावरण की आवश्यकता होती है। ये फसलें सामान्यतः अक्टूबर-नवंबर के महीनों में बोई जाती है तथा मार्च-अप्रैल में काटी जाती हैं। जैसे–गेहूं, जौ, चना, मसूर, सरसों आदि।

99. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद हाल ही में समाचारों में किन कारणों से था?

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका 20 वर्षों तक दूर रहने के बाद अंततः परिषद में सम्मिलित हो गया है।

(b) संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस्राइल पर निर्णयों से संबंधित मुद्दों के कारण परिषद छोड़ दी है।

(c) भारत ने परिषद में सम्मिलित होने का निर्णय लिया है।

(d) भारत ने कश्मीर के मुद्दों पर परिषद छोड़ने का निर्णय लिया है।

उत्तर–(b)

संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस्राइल पर निर्णयों से संबंधित मुद्दों के कारण परिषद छोड़ दी है।

100. भारत का पहला राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थापित किया गया है?

(a) पंजाब (b) हरियाणा

(c) उत्तर प्रदेश (d) मणिपुर

उत्तर–(d)

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मणिपुर में देश के पहले राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अध्यादेश पर मंजूरी दे दी। स्पोर्ट्स साइंसेज, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट और स्पोर्ट कोचिंग के क्षेत्र को बढ़ावा देना इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं को अपनाकर चुनिंदा खेल विषयों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करना आदि इसके प्रमुख उद्देश्य हैं।

सामान्य विज्ञान

101. कैंसर के ट्यूमर के उपचार के लिए किस रेडियो आइसोटोप (समस्थानिक) का प्रयोग किया जाता है?

(a) Co–60 (b) U–235

(c) Th–231 (d) Pu–239

उत्तर–(a)

कोबॉल्ट–60 एक रेडियोधर्मी समस्थानिक है, जो गामा किरण उत्पन्न करता है। यह कैंसर के ट्यूमर के उपचार के लिए प्रयोग में लाया जाता है।

102. एथिलीन ग्लाइकोल को एंटीफ्रीज (हिमरोधी) के रूप में पानी में मिलाने पर–

(a) उसे कार के रेडिएटर की सफाई हेतु प्रयुक्त किया जाता है।

(b) यह केवल पानी के हिमांक को कम करता है।

(c) यह केवल पानी के क्वथनांक को बढ़ाता है।

(d) यह पानी के हिमांक को कम करता है तथा पानी के क्वथनांक को बढ़ा देता है।

उत्तर–(d)

एथिलीन ग्लाइकोल एक कार्बनिक अणु है, जो व्यापक रूप से ऑटोमोबाइल इंजनों में एंटीफ्रीज (हिमरोधी) के रूप में उपयोग किया जाता है। यह ज्यादातर ठंडे मौसम में हिमांक बिंदु (Freezing Point) को 0°C से कम करने में किया जाता है तथा दूसरी ओर यह पानी के क्वथनांक को बढ़ा देता है, जिससे इंजन को ठंडा रखने में मदद मिलती है।

103. समुद्र जल के नीला रंग का होने का क्या कारण है?

(a) समुद्र जल में अशुद्ध वस्तुओं द्वारा नीले रंग की रोशनी का अपवर्तन

(b) पानी द्वारा रोशनी का छितराव

(c) पानी द्वारा लाल रंग का अपवर्तन

(d) समुद्री पानी में संपूर्ण आंतरिक परावर्तन

उत्तर–(b)

सागर नीला दिखता है, क्योंकि सूर्य से प्राप्त होने वाले प्रकाश को पानी के अणु कम तरंगदैर्ध्य (नीली) वाली रोशनी की तुलना में अधिक तरंगदैर्ध्य (लाल, नारंगी, पीला, हरा आदि) वाले प्रकाश को अवशोषित करते हैं।

104. किसके प्रयोग के जरिए धातु की उच्च शुद्धता प्राप्त की जा सकती है?

(a) थरमाइट प्रक्रिया

(b) कार्बन न्यूनीकरण

(c) हाइड्रोजन न्यूनीकरण

(d) विद्युत-अपघटनी न्यूनीकरण

उत्तर–(d)

विद्युत-अपघटनी न्यूनीकरण एक इलेक्ट्रोलाइटिक प्रक्रिया का प्रकार है। इसमें उच्च प्रक्रियाशीलता के धातु सोडियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, एल्युमीनियम इत्यादि को उसके अयस्कों से अलग किया जाता है।

105. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, मीथेन के उत्सर्जन का स्रोत नहीं है?

(a) मोटर वाहन (b) पशुधन

(c) धान के खेत (d) गन्ने के खेत

उत्तर–(a)

मोटर वाहन मीथेन गैस के उत्सर्जन का स्रोत नहीं है, पशुधन, धान के खेत, गन्ने के खेत इत्यादि मीथेन उत्सर्जन के स्रोत हैं।

106. सार्वजनिक आपूर्ति हेतु पानी का pH मान किस श्रेणी में होता है?

(a) 3.5 से 6.5 (b) 6.5 से 8.5

(c) 8.5 से 10.5 (d) 10.5 से 13

उत्तर–(b)

सार्वजनिक आपूर्ति के लिए उपयोगी पानी का pH मान 6.5 से 8.5 होना चाहिए, क्योंकि 6.5 से नीचे जाते ही यह एक मजबूत अम्ल में बदल जाता है, जबकि 8.5 के बाद वह पानी झार में बदल जाता है, जो बहुत घातक है।

107. पानी की घरेलू आपूर्ति हेतु आर्सेनिक तत्व की अधिकतम अनुमत मात्रा कितनी होनी चाहिए?

(a) 0.005 ppm (b) 0.050 ppm

(c) 0.500 ppm (d) 5.500 ppm

उत्तर–(b)

पीने की घरेलू आपूर्ति हेतु पानी में आर्सेनिक तत्व अधिकतम अनुमत मात्रा 0.050 ppm रखी गई है।

108. परदे पर उत्तल लेंस द्वारा वस्तु की वास्तविक आकृति बनती है। यदि उत्तल लेंस के ऊपरी भाग को अपारदर्शी कागज से ढक दिया जाए, तो छवि पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

(a) वस्तु के केवल निचले भाग की ही छवि प्राप्त होगी।

(b) वस्तु के केवल ऊपरी भाग की ही छवि प्राप्त होगी।

(c) कोई भी छवि प्राप्त नहीं होगी।

(d) वस्तु की पूर्ण छवि प्राप्त होगी, परंतु उसकी तीव्रता कम हो जाएगी।

उत्तर–(d)

जब उत्तल लेंस के ऊपरी भाग को ढक दिया जाएगा, तो वस्तु की किरण निचले हिस्से से अपवर्तित होगी और वह छवि दूसरी ओर बनेगी।

109. स्थिर गति से दौड़ रही एक रेलगाड़ी में बैठा यात्री, लंबवत ऊपर की दिशा में गेंद फेंकता है। वह गेंद कहां गिरेगी?

(a) यात्री के हाथों में

(b) यात्री से सामने

(c) यात्री के पीछे

(d) वह रेलगाड़ी की गति की दिशा पर निर्भर करता है।

उत्तर–(a)

जब स्थिर गति से दौड़ रही रेलगाड़ी में बैठा यात्री गेंद को ऊपर की दिशा में फेंकता है, तो उस गेंद का क्षैतिज वेग उस ट्रेन की गति के बराबर होगा। जिसके कारण गेंद वापस यात्री के हाथ में आ गिरेगी।

110. प्रत्यावर्ती धारा (ए.सी.) को एकदिश धारा (डी.सी.) में किसके प्रयोग के जरिए परिवर्तित किया जा सकता है?

(a) प्रवर्धक (एम्प्लिफायर) (b) स्थिरक (स्टेबिलाइजर)

(c) दिष्टकारी (रेक्टिफायर) (d) परिणामित्र (ट्रांसफॉर्मर)

उत्तर–(c)

दिष्टकारी (रेक्टिफायर) एक ऐसी वैद्युत युक्ति है, जो प्रत्यावर्ती धारा या ऑल्टरनेटिंग करंट (AC) को दिष्ट धारा या डायरेक्ट करंट (DC) में परिवर्तित करती है।

111. एक व्यक्ति तुला की मदद से अपना वजन 600 N मापता है। यदि वह व्यक्ति, एक 5 मी./से. की गति से ऊपर जा रहे लिफ्ट में उसी तुला पर खड़ा हो जाए, तो तुला में दर्शाया गया भार क्या होगा?

(a) 600 N से कम (b) 600 N से अधिक

(c) 600 N के समान (d) 0 के समान

उत्तर–(c)

व्यक्ति का भार (mg) = 600N

त्वरण a = 0

न्यूटन के गति के द्वितीय नियमानुसार,

R – mg = ma

∵ लिफ्ट एक समान चाल से चल रही है।

(प्रश्न के अंग्रेजी संस्करण के अनुसार)

∴ त्वरण a = 0

अतः R = mg

R = 600N

अतः तुला पर दर्शाया गया भार 600N के समान है।

जब कोई व्यक्ति लिफ्ट से समान वेग से ऊपर चढ़ रहा है, तो त्वरण का मान 0 होगा। तब भार समान रहेगा।

या भार = m (G + a)

यहां a = 0

112. विसर्पी घर्षण.....होता है।

(a) सीमित घर्षण से थोड़ा अधिक

(b) सीमित घर्षण से थोड़ा कम

(c) सीमित घर्षण के समान

(d) सीमित घर्षण से कभी कम और कभी अधिक

उत्तर–(b)

जब किसी वस्तु की सतह पर किसी वस्तु के गति कराने का प्रयास किया जाता है या गति कराई जाती है, तो सतह से समांतर एवं गति की दिशा के विपरीत एक अवरोधक बल कार्य करता है जिसे घर्षण बल कहते हैं। ये तीन प्रकार के होते हैं (i) स्थैतिक या सीमित घर्षण, (ii) विसर्पी या सर्पी घर्षण, (iii) लोटनिक घर्षण।

लोटनिक घर्षण का मान सबसे कम तथा स्थैतिक या सीमित घर्षण का मान सबसे अधिक होता है। अतः स्पष्ट है विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

113. प्रकाशीय सूक्ष्मदर्शी (लाइट माइक्रोस्कोपी) में किसके लिए तेल निमज्जन का प्रयोग किया जाता है?

(a) सूक्ष्मदर्शी की विभक्त शक्ति बढ़ाने के लिए

(b) सूक्ष्मदर्शी की विभक्त शक्ति घटाने के लिए

(c) सूक्ष्मदर्शी की आवर्धन शक्ति बढ़ाने के लिए

(d) सूक्ष्मदर्शी की विभक्त शक्ति और साथ ही आवर्धन शक्ति बढ़ाने के लिए

उत्तर–(a)

यह उच्च अपवर्तक सूचकांक के एक पारदर्शी तेल में उद्देश्य लेंस और नमूना दोनों को विसर्जित करके हासिल किया जाता है, जिससे उद्देश्य लेंस के संख्यात्मक एपर्चर में वृद्धि होती है।

114. मनुष्यों के उस अंगधाग की पहचान करें, जो श्वसन प्रक्रिया से संबंधित नहीं है?

(a) वायुकोष्ठिका (b) सूक्ष्मश्वासनली

(c) केशिकास्तवक (d) फुफ्फुसावरण

उत्तर–(c)

केशिकास्तवक का कार्य ग्लोम्युलर फिल्टर का उत्पादन करने के लिए प्लाज्मा फिल्टर करना है। जबकि बाकी तीन श्वसन प्रक्रिया में काम आती हैं।

115. निम्नलिखित विकल्पों में से उस हॉर्मोन की पहचान करें, जो बच्चों के बढ़ने में सहायक होता है?

(a) गोनैडोट्रॉपिन (b) ऑक्सिटोसिन

(c) प्रोजेस्टिरोन (d) सोमेटोट्रोपिन

उत्तर–(d)

सोमेटोट्रोपिन हॉर्मोन शरीर की संरचना, तरल पदार्थ, हड्डी और मांसपेशियों की वृद्धि, चीनी और वसा चयापचय और संभवतः हृदय कार्य को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।

116. निम्नलिखित पशुओं में से कौन-सा पशु स्तनपायी प्राणी समूह का नहीं है?

(a) कंगारू (b) स्कोलियोडोन

(c) हिप्पोपोटामस (d) ह्वेल

उत्तर–(b)

स्कोलियोडोन में आंतरिक निषेचन होता है। यह अपने बच्चे, अंडे के माध्यम से जन्म देती है। यह अपने शरीर के अंदर ही अंडे को सेती है।

117. संतुलित आहार में भोजन के किस अवयव से अधिकतम ऊर्जा प्राप्त होती है?

(a) विटामिन (b) प्रोटीन

(c) लिपिड (d) कार्बोहाइड्रेट

उत्तर–(d)

कार्बोहाइड्रेट सबसे ज्यादा 4 Kcal/g उत्पन्न करता है, जबकि बाकी सभी इससे कम करते हैं। फैट सबसे ज्यादा 8.8 Kcal/g पैदा करता है।

118. रक्त स्कंदन विकार किसकी कमी के कारण होता है?

(a) कैल्सिफेरॉल (b) फिलोक्विनोन

(c) पाइरिडॉक्सिन (d) टोकोफिरॉल

उत्तर–(b)

फिलोक्विनोन की कमी से रक्त स्कंदन होता है। जबकि एक पूरक के रूप में इसका उपयोग कुछ रक्त स्राव विकारों के इलाज के लिए किया जाता है।

119. मनुष्यों के किस अंग में परिहृद (कोरोनरी) धमनी विद्यमान होती है?

(a) मस्तिष्क (b) हृदय

(c) गुर्दा (d) फेफड़े

उत्तर–(b)

परिहृद धमनी का कार्य हृदय को खून पहुंचाना होता है। यह खून हृदय के मांसपेशी में जाता है।

120. निम्नलिखित में से कौन-सा हॉर्मोन, पीयूष ग्रंथि से स्रावित नहीं होता है?

(a) सेक्रेटिन (b) प्रोलेक्टिन

(c) ऑक्सिटोसिन (d) वेस्सोप्रेस्सिन

उत्तर–(a)

सेक्रेटिन हॉर्मोन ग्रहणी में निर्मित होता है। बाकी सब हॉर्मोन पीयूष ग्रंथि में निर्मित होते हैं।

121. प्रसिद्ध डॉली भेड़ किस तकनीक के परिणामस्वरूप अस्तित्व में आई है?

(a) क्लोनिंग

(b) संकरण (हाइब्रिडाइजेशन)

(c) अछूती वंशवृद्धि (पार्थिनोजेनेसिस)

(d) उतक संवर्धन (टिश्यू कल्चर)

उत्तर–(a)

डाली एक मादा घरेलू भेड़ थी और प्रतिरूपण (Cloning) हस्तांतरण की प्रक्रिया का उपयोग करते हुए एक वयस्क सोमैटिक सेल से क्लोन किया गया पहला स्तनधारी पशु थी।

122. भोजन के किस अवयव का सकल केलोरिफिक मान सर्वाधिक होता है?

(a) विटामिन (b) प्रोटीन

(c) वसा (d) कार्बोहाइड्रेट

उत्तर–(c)

वसा सबसे अधिक अवयव का सकल केलोरिफिक मान होता है। वसा का 1 ग्राम 8.8 Kcal उत्पन्न करता है, जो सबसे अधिक है।

123. क्षय रोग से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए कौन-सा टीका दिया जाता है?

(a) BCG (b) DPT

(c) DT (d) TT

उत्तर–(a)

तपेदिक से बचने के लिए छोटे बच्चे को BCG का टीका दिया जाता है। जिसका पहली बार वर्ष 1921 में मनुष्य पर इस्तेमाल किया गया।

124. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया, प्राकृतिक जल विज्ञान (हाइड्रोलॉजिकल) अथवा जल चक्र का भाग नहीं है?

(a) वाष्पीकरण (b) विसरण

(c) वर्षण (d) वाष्पोत्सर्जन

उत्तर–(b)

जल चक्र में पानी का भाप बनना एक क्रिया है। जिसमें वाष्पीकरण, वर्षण, वाष्पोत्सर्जन एक भाप बनाने की प्रक्रिया शामिल है। जबकि विसरण नहीं।

125. निम्नलिखित जीवों में से किसमें कोशिका में अच्छी तरह से व्यवस्थित न्यूक्लियर नहीं पाया जाता है?

(a) एंटामोएबा (b) हाइड्रा

(c) स्पाइरोगैरा (d) बैक्टीरिया

उत्तर–(d)

बैक्टीरिया को प्रोकैरियोट माना जाता है, जिसका अर्थ है कि उनके पास न्यूक्लियस और अन्य झिल्ली बाध्य ऑर्गेनियल्स नहीं हैं।

अंकगणित

126. $43-[20\div\{18-(16-12\div\overline{2+4})\}]$ का उत्तर ज्ञात करें।

(a) 38 (b) 22

(c) 11 (d) – 11

उत्तर–(a)

$43-[20\div\{18-(16-12\div\overline{2+4})\}]$

BODMAS के नियम का पालन करने पर

$43-[20\div\{18-(16-12\div 6)\}]$

$=43-[20\div\{18-(16-2)\}]$

$=43-[20\div\{18-14\}]$

$=43-[20\div 4]$

$=43-5=38$

127. 235 + 23.5 + 2.35 + 0.235 + 0.0235 = ?

(a) 261.185 (b) 261.1085

(c) 261.1075 (d) 261.175

उत्तर–(b)

$$235+23.5+2.35+0.235+0.0235$$
$$=235+\frac{235}{10}+\frac{235}{100}+\frac{235}{1000}+\frac{235}{10000}$$
$$=235\left[1+\frac{1}{10}+\frac{1}{100}+\frac{1}{1000}+\frac{1}{10000}\right]$$
$$=235\,(1+0.1+0.01+0.001+0.0001)$$
$$=235\times1.1111=261.1085$$

128. यदि पिज्जा के $\frac{4}{7}$ भाग का मूल्य रु. 300 हो, तो पिज्जा के $\frac{4}{5}$ भाग का मूल्य क्या होगा?

(a) रु. 420 (b) रु. 440

(c) रु. 436 (d) रु. 432

उत्तर–(a)

$\because$ पिज्जा के $\frac{4}{7}$ भाग का मूल्य = 300 रु.

$\therefore$ पिज्जा के 1 भाग का मूल्य $=\frac{300\times7}{4}$

$\therefore$ पिज्जा के $\frac{4}{5}$ भाग का मूल्य $=\frac{300\times7}{4}\times\frac{4}{5}=420$ रु.

129. भाग विधि द्वारा दो संख्याओं का म.स.प. निकालने पर अंतिम भाजक 49 और संबंधित भागफल 17, 3 और 2 हैं। दोनों में से बड़ी संख्या को जब 433 से विभाजित करें, तो शेषफल क्या प्राप्त होगा?

(a) 288 (b) 300

(c) 307 (d) 400

उत्तर–(b)

भाग विधि से म.स.प. निकालने को दिया गया है–

$\therefore$ प्रश्नानुसार अंतिम भाज्य संख्या = 49 × 2 + 98

अंतिम के पहले वाली भाज्य संख्या = 98 × 3 + 49

= 294 + 49 = 343

तथा प्रथम भाज्य संख्या = 343 × 17 + 98

= 5831 + 98 = 5929

इस प्रकार देखें

```
343)5929(17
    5831
     98)343(3
        294
         49)98(2
            98
             0
```

अत: बड़ी संख्या 5929 है।

433 का भाग देने पर–

```
433)5929(13
    5629
     300
```

अत: शेषफल = 300

130. 16641 का वर्ग मूल क्या होगा?

(a) 119 (b) 121

(c) 129 (d) 131

उत्तर–(c)

16641 का वर्गमूल

```
     | 129
  1  | 166 41
  1  | 1
 22  | × 66
  2  |  44
249  | 2241
  9  | 2241
     |  ×
```

अत: 16641 का वर्गमूल 129 है।

131. 1 और स्वयं को छोड़कर $2^6\times3^2\times5^4\times7^2$ के कितने गुणनखंड हो सकते हैं?

(a) 270 (b) 225

(c) 90 (d) 315

उत्तर–(d)

$2^6 \quad \times3^2 \quad \times5^4 \quad \times7^2$

अभीष्ट गुणनखंडों की संख्या $=(6+1)\times(2+1)\times(4+1)\times(2+1)$

$=7\times3\times5\times3$

$=105\times3=315$

132. एक भिन्न और उसके व्युत्क्रम का योग $-\frac{89}{40}$ है। दोनों भिन्नों में से छोटा भिन्न क्या हो सकता है?

(a) $\frac{-15}{8}$ (b) $\frac{-9}{5}$

(c) $\frac{-8}{5}$ (d) $\frac{-5}{8}$

उत्तर–(c)

माना भिन्न x है।

$\therefore$ भिन्न का व्युत्क्रम $= \frac{1}{x}$

प्रश्नानुसार

$$x + \frac{1}{x} = \frac{-89}{40}$$

$$(x^2 + 1)\,40 = -89x$$

$$40x^2 + 89x + 40 = 0$$

$$40x^2 + 64x + 25x + 40 = 0$$

$$8x\,(5x + 8) + 5\,(5x + 8) = 0$$

$$(5x + 8)\,(8x + 5) = 0$$

$\Rightarrow 5x + 8 = 0 \Rightarrow x = -8/5$

या $8x + 5 = 0 \Rightarrow x = -5/8$

अत: छोटा भिन्न $-8/5$ है।

133. वह न्यूनतम धनात्मक पूर्णांक x क्या होगा, जिसके लिए $\sqrt{130 + x}$ एक पूर्णांक है?

(a) 10 (b) 11

(c) 13 (d) 14

उत्तर–(d)

$\sqrt{130 + x}$ का मान एक पूर्णांक संख्या होने के लिए आवश्यक है कि पद का मान 11 $(= \sqrt{121})$ से अधिक होगा।

$\therefore \sqrt{130 + x} = 12$

$130 + x = 144$

$x = 144 - 130 = 14$

अत: अभीष्ट न्यूनतम मान 14 है।

134. $\frac{11}{20}, \frac{33}{50}$ और $\frac{77}{60}$ लघुत्तम समापवर्त्य (एल.सी.एम.) क्या होगा?

(a) $\frac{11}{10}$ (b) $23\frac{1}{10}$

(c) $36\frac{9}{11}$ (d) $\frac{300}{11}$

उत्तर–(b)

$\frac{11}{20}, \frac{33}{50}, \frac{77}{60}$ का ल.स. $= \frac{11, 33, 77 \text{ का ल.स.}}{20, 50, 60 \text{ का म.स.}}$

$= \frac{3 \times 7 \times 11}{2 \times 5} = \frac{231}{10} = 23\frac{1}{10}$

135. एक छः अंकों की संख्या abcdef बनाने के लिए अंक 1, 2, 3, 4, 5 और 6 प्रत्येक एक बार उपयोग किए जाते हैं, जैसे कि तीन अंक संख्या abc, 4 से विभाजित है, bcd 5 से विभाजित है, cde 3 से विभाजित है और def 11 द्वारा विभाजित है। वह संख्या है–

(a) 325461 (b) 324651

(c) 324561 (d) 326451

उत्तर–(c)

5 से विभाज्यता के नियम से स्पष्ट है कि यदि किसी संख्या का अंतिम अंक '5' अथवा '0' हो, तो वह संख्या 5 से विभाज्य होगी। दी गई संख्याओं में bcd क्रम पर 254, 246, 245, 264 है। अत: संख्या 324561 शेष सभी शर्तों का पालन करती है।

$\therefore$ अभीष्ट संख्या 324561 है।

136. 84 को 2 : 1 के अनुपात में विभाजित किया गया। दोनों भागों में से बड़ा भाग.....है।

(a) 60 (b) 56

(c) 42 (d) 28

उत्तर–(b)

84 को 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करने पर

आनुपातिक योग $= 2 + 1 = 3$

छोटा भाग $= 84 \times \frac{1}{3} \Rightarrow 28$

$\therefore$ बड़ा भाग $= 84 \times \frac{2}{3} \Rightarrow 56$

137. एक बाल्टी तनु कृत अम्ल से पूरी तरह से भरी है, जिसमें पानी 41% है। यदि शुद्ध अम्ल की मात्रा 17.7 है, तो बाल्टी की क्षमता (लीटर में) कितनी है?

(a) 26 (b) 28

(c) 30 (d) 32

उत्तर–(c)

बाल्टी में (पानी + अम्ल) की मात्रा = 100%

दिया है पानी = 41%

$\therefore$ अम्ल $= (100 - 41)\% = 59\%$

59% अम्ल = 17.7 लीटर

$\therefore 100\% = \frac{17.7 \times 100}{59} = 30$ लीटर

अत: बाल्टी की क्षमता 30 लीटर है।

138. एक राशि को 6 वर्षों के लिए साधारण ब्याज पर निवेशित करने पर रु. 5,390 की प्राप्ति होती है। यदि साधारण ब्याज दर पूर्व की तुलना में 2% प्रतिवर्ष अधिक होती है, तो रु. 5,810 प्राप्त होते। आरंभिक प्रतिवर्ष ब्याज दर क्या थी?

(a) 8% (b) 9%

(c) 10% (d) 11%

उत्तर–(b)

$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{\text{मू.} \times \text{द.} \times \text{स.}}{100}$$

मिश्रधन = मूलधन + साधारण ब्याज

माना मूलधन = P रु. तथा दर = r%

$$\therefore \quad \frac{P \times r \times 6}{100} + P = 5390 \quad \text{.....(i)}$$

$$\frac{P \times (r+2) \times 6}{100} + P = 5810 \quad \text{.....(ii)}$$

समी. (ii) से समी. (i) घटाने पर–

$$\frac{12P}{100} = 420$$

$$P = \frac{420 \times 100}{12} = 3500$$

P का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$\frac{3500 \times r \times 6}{100} + 3500 = 5390$$

$$210r = 5390 - 3500$$

$$r = \frac{1890}{210} = 9\%$$

अतः पूर्व दर 9% थी।

139. चक्रवृद्धि ब्याज प्रतिवर्ष की दर से रु. 10,000 की राशि दो वर्षों के लिए उधार ली गई। यदि वह राशि उतनी ही अवधि के लिए, किंतु 6% चक्रवृद्धि ब्याज प्रतिवर्ष की दर से ली गई होती, तो कितना और अधिक ब्याज देना पड़ता?

(a) रु. 211 (b) रु. 210.20

(c) रु. 211.20 (d) रु. 201

उत्तर–(a)

$$\text{मिश्रधन} = \text{मूलधन}\left(1 + \frac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}}$$

जब दर = 5% है।

$$\text{मिश्रधन} = 10000\left(1 + \frac{5}{100}\right)^2 = 10000 \times \frac{105}{100} \times \frac{105}{100} = (105)^2$$

जब दर = 6% है

$$\text{मिश्रधन} = 10,000\left(1 + \frac{6}{100}\right)^2 = 10000 \times \frac{106}{100} \times \frac{106}{100} = (106)^2$$

$\therefore$ ब्याज का अभीष्ट अंतर $= (106)^2 - (105)^2$

$= (106 + 105)(106 - 105)$

$= 211 \times 1 = 211$

140. राशि ने एक किस्म के 25 किग्रा. गेहूं को दूसरे किस्म के 20 किग्रा. गेहूं के साथ मिला दिया। दिए गए क्रम में, इन दोनों किस्मों का प्रति किलोग्राम मूल्य 4 : 5 के अनुपात में है। यदि राशि ने मिश्रित गेहूं का विक्रय उन्नत किस्म वाले गेहूं के लागत मूल्य के 90% पर किया हो, तो उसके द्वारा अर्जित लाभ का प्रतिशत क्या था?

(a) 1 (b) 1.25

(c) 1.5 (d) 2

उत्तर–(b)

माना 25 किग्रा. वाले गेहूं का प्रति क्रिग्रा. क्रय मूल्य $4x$ तथा 20 किग्रा. वाले का $5x$ है।

25 किग्रा. गेहूं का कुल क्रय मूल्य $= 25 \times 4x = 100x$ रु.

20 किग्रा. गेहूं का कुल क्रय मूल्य $= 20 \times 5x = 100x$ रु.

कुल क्रय मूल्य $= 100x + 100x = 200x$

कुल गेहूं $= 20 + 25 = 45$ किग्रा.

मिश्रित गेहूं का विक्रय मूल्य = उन्नत किस्म के गेहूं का 90%

$$= 5x \times \frac{90}{100} \times 45 = \frac{405}{2}x \text{ रु.}$$

$$\text{अर्जित लाभ} = \frac{\frac{405x}{2} - 200x}{200x} \times 100$$

$$= \frac{5x}{400x} \times 100\%$$

$$= 1.25\%$$

141. 48 व्यक्ति एक कार्य को 7 दिनों में पूर्ण कर सकते हैं। इसी कार्य को 14 व्यक्ति कितने दिनों में पूर्ण कर पाएंगे?

(a) 25 (b) 28

(c) 36 (d) 24

उत्तर–(d)

$M_1D_1 = M_2D_2$ से

जहां $M_1 = 48, D_1 = 7, M_2 = 14, D_2 = ?$

$48 \times 7 = 14 \times D_2$

$$D_2 = \frac{48 \times 7}{14} = 24 \text{ दिन}$$

अतः 14 व्यक्ति कार्य को 24 दिन में पूरा करेंगे।

142. 63 किमी./घंटा की चाल से भाग रही एक रेलगाड़ी 8 सेकंड में खंभे और एक प्लेटफॉर्म को 28 सेकंड में पार करती है। प्लेटफॉर्म की लंबाई कितनी है?

(a) 400 मी. (b) 350 मी.

(c) 420 मी. (d) 380 मी.

उत्तर–(b)

रेलगाड़ी की चाल = 63 किमी./घंटा

$$= 63 \times \frac{5}{18} \text{मी./से.} = \frac{35}{2} \text{मी./से.}$$

रेलगाड़ी की लंबाई $= \frac{35}{2} \times 8 = 140$ मी.

($\because$ दूरी = चाल × समय)

माना प्लेटफॉर्म की लंबाई x मी. है।

$$\therefore \frac{140 + x}{28} = \frac{35}{2}$$

$$140 + x = 35 \times 14 = 490$$

$$x = 490 - 140 = 350 \text{ मी.}$$

143. 12 पुरुष और 16 महिलाएं 5 दिनों में काम का एक टुकड़ा कर सकती हैं, जबकि 13 पुरुष और 24 महिलाएं इसे 4 दिनों में कर सकती हैं। यदि x पुरुष और 15 महिलाएं 8 दिनों में उस काम को पूरा कर सकते हैं, तो x का मूल्य क्या है?

(a) 4 (b) 5

(c) 8 (d) 9

उत्तर–(b)

(12 पु. + 16 म.) 5 = (13 पु. + 24 म.) 4

60 पु. + 80 म. = 52 पु. + 96 म.

8 पु. = 16 म. $\Rightarrow$ 1 पु. = 2 म.

12 पु. + 16 म. = 24 म. + 16 म. = 40 म.

$M_1 D_1 = M_2 D_2$ से–

$40 \times 5 = M_2 \times 8 \Rightarrow M_2 = 25$ महिला

x पु. + 15 म. = 25 म.

x पु. = 10 म. = 5 पु. ($\because$ 1 पुरुष = 2 महिला)

$x = 5$

144. दो पाइप एक खाली टंकी को क्रमशः 2 और 2.8 घंटों में भर सकते हैं, जबकि एक तीसरा पाइप भरी हुई टंकी को 1.4 घंटे में खाली कर सकता है। यदि जल निकालने वाले पाइप को टंकी को भरने से 0.2 घंटे पूर्व बंद कर दिया गया था, तो प्रारंभ से टंकी को भरने में कुल कितना समय लगा?

(a) 3.6 (b) 3.4

(c) 6.0 (d) 5.8

उत्तर–(c)

माना प्रारंभ से टंकी को भरने में लगा समय x घंटा है।

$$\frac{x}{2} + \frac{x}{2.8} - \frac{x - 0.2}{1.4} = 1$$

$$\frac{1.4x + x - 2(x - 0.2)}{2.8} = 1$$

$$1.4x + x - 2x = 0.4 = 2.8$$

$$0.4x = 2.8 - 0.4 = 2.4$$

$$x = 6 \text{ घंटा}$$

145. 22 वर्ष पूर्व रघु की आयु शामिक की आयु की पांच गुना थी। अब से 8 वर्ष पश्चात शामिक की आयु रघु की आयु की $\frac{1}{2}$ होगी। रघु की वर्तमान आयु क्या है?

(a) 80 वर्ष (b) 64 वर्ष

(c) 77 वर्ष (d) 72 वर्ष

उत्तर–(d)

माना रघु की वर्तमान आयु R वर्ष तथा शामिक की K वर्ष है।

22 वर्ष पूर्व रघु की आयु = (R – 22) वर्ष

22 वर्ष पूर्व शामिक की आयु = (K – 22) वर्ष

$R - 22 = 5(K - 22) \Rightarrow R - 5K = -88$ .....(i)

प्रश्नानुसार,

$K + 8 = \frac{1}{2}(R + 8) \Rightarrow 2K - R = -8$ .....(ii)

समी. (i) और (ii) से

$-3K = -96$

$K = 32$

समी. (ii) से $R = 32 \times 2 + 8 = 64 + 8 = 72$ वर्ष

146. 19 जनवरी, 2018 को शुक्रवार था। 19 जून, 2019 किस दिन पड़ेगा?

(a) रविवार (b) सोमवार

(c) मंगलवार (d) बुधवार

उत्तर–(d)

19 जनवरी, 2018 को शुक्रवार है, तो 19 जनवरी, 2019 को शनिवार होगा।

19 जनवरी, 2019 से 19 जून, 2019 तक दिनों की संख्या = 12 (जनवरी) + 28 (फरवरी) +31 (मार्च) + 30 अप्रैल +31 (मई) +19 (मई)

$= 151$ दिन $= \frac{151}{7} = 21$ (भागफल) $+ 4$ (शेषफल)

$\therefore$ विषम दिनों की संख्या $= 4$

19 जून, 2019 को दिन होगा = शनिवार + 4

= बुधवार

147. प्रातः 6 : 42 बजे घंटे की सुई और मिनट की सुई के बीच बने न्यून कोण का मान क्या होगा?

(a) 51° (b) 51.5°

(c) 72° (d) 21°

उत्तर–(a)

घंटे की सुई द्वारा 1 घंटे में बना कोण = 30°

घंटे की सुई द्वारा $6\frac{7}{10}$ घंटे में बना कोण $= 30 \times \frac{67}{10} \Rightarrow 201°$

मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बना कोण = 6°

मिनट की सुई द्वारा 42 मिनट में बना कोण $= 6 \times 42 = 252°$

$\therefore$ अभीष्ट कोण $= 252° - 201° = 51°$

148. उस समचतुर्भुज की एक भुजा की लंबाई क्या होगी, जिसका क्षेत्रफल 30 सेमी.^{2} और विकर्णों की लंबाइयों का योग 17 सेमी. हो?

(a) 7.5 सेमी. (b) 7 सेमी.

(c) 6.5 सेमी. (d) 8 सेमी.

उत्तर–(c)

माना समचतुर्भुज का विकर्ण d_1 तथा d_2 है।

समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $\left(\frac{1}{2} \times d_1 \times d_2\right) = 30$

$\therefore d_1 \times d_2 = 60$

द्वितीय शर्त के अनुसार $d_1 + d_2 = 17$

$\left[\because d_1^2 + d_2^2 = 4a^2\right]$

जहां a समचतुर्भुज की भुजा है।

$(d_1 + d_2)^2 = d_1^2 + d_2^2 + 2d_1 \times d_2$

$(17)^2 = 4a^2 + 2 \times 60$

$4a^2 = 289 - 120$

$4a^2 = 169$

$2a = 13$

$a = 6.5$ सेमी.

149. एक घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई क्रमशः 6 सेमी., 5 सेमी. और 4 सेमी. है। घनाभ का कुल पृष्ठ क्षेत्रफल क्या होगा?

(a) 134 सेमी.^{2} (b) 120सेमी. ^{2}

(c) 148 सेमी.^{2} (d) 144 सेमी.^{2}

उत्तर–(c)

दिया है, घनाभ की लंबाई (l) = 6 सेमी., चौड़ाई (b) = 5 सेमी.

ऊंचाई (h) = 4 सेमी.

घनाभ का कुल पृष्ठ क्षेत्रफल $= 2(lb + bh + hl)$

$= 2(6 \times 5 + 5 \times 4 + 4 \times 6)$

$= 2(30 + 20 + 24)$

$= 2 \times 74 = 148$ सेमी.^{2}

150. A, B, C और D एक वृत्त के बिंदु हैं, जिसका केंद्र O है। जीवाएं AC और BD वृत्त के अंदर एक-दूसरे को E पर काटती हैं। AB और CD रेखांकित की गई हैं। $\angle BAE = 40°$ और $\angle ACD = 100°$। $\angle BEC$ का मान क्या होगा?

(a) 110° (b) 120°

(c) 130° (d) 140°

उत्तर–(d)



$\because$ एक ही वृत्तखंड में बने कोण परस्पर समान होते हैं।

$\angle BAC = \angle BDC = 40°$

$\angle BEC = \angle ECD + \angle EDC$

$= 100° + 40°$

$= 140°$

हिन्दी

PSGI निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्न के उत्तर दीजिए।

प्राचीन काल में नारी का स्थान समाज में अग्रगण्य था। ऐसा कहा जाता था कि ''जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवताओं का निवास होता है। मध्य भारत के काल से नारी का पतन शुरू हुआ। मध्यकाल तक तो नारी दासी या गुलाम बन गई। चार दीवार में कैद हो गई। किंतु 19वीं शताब्दी में राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद, दयानंद सरस्वती आदि समाज-सुधारकों ने नारी जगत की काया पलट दी। नारी उत्थान की ओर बढ़ती गई। आज आधुनिक नारी ने जमीन से लेकर आसमान में अपना कब्जा जमाया है, नारी तू नारायणी उक्ति को सिद्ध कर दिया है। वास्तव में देखा जाए तो नर और नारी एक रथ के दो पहिए हैं। रथ को सुयोग्य ढंग से चलाने के लिए दोनों में समतुलन चाहिए। शिक्षित नारी परिवार की उद्धारक है। प्रत्येक घर में नारी का सम्मान होना चाहिए। समाज में प्रचलित कुप्रथाओं से लड़ना अनिवार्य है। नारी ने अपना स्थान जो प्राप्त किया है उसे मजबूत बनाने के लिए नर और नारी दोनों को तत्पर रहना चाहिए।

151. प्राचीन काल में नारी का स्थान क्या था?

(a) प्राचीन काल में नारी दासी थी।

(b) प्राचीन काल में नारी का स्थान अग्रगण्य था।

(c) नारी को अपमानित किया जाता था।

(d) नारी का कोई स्थान नहीं था।

उत्तर–(b)

गद्यांश की पहली पंक्ति से स्पष्ट होता है कि प्राचीन काल में नारी का स्थान अग्रगण्य था।

152. ''नारी तू नारायणी'' की सही व्याख्या क्या है?

(a) नारी नारायणी की तरह पूजनीय है।

(b) नारी को कोई अधिकार नहीं।

(c) नारी गुलाम थी।

(d) नारी का मान सम्मान नहीं होना चाहिए।

उत्तर–(a)

''नारी तू नारायणी'' की सही व्याख्या है कि नारी, नारायणी की तरह पूजनीय है।

153. देश का उद्धार कैसे होगा?

(a) नारी अशिक्षित रहेगी तो

(b) युवा वर्ग के मादक द्रव्यों के सेवन करने से

(c) नारी को समान स्थान देने से

(d) किसानों के कर्ज माफ करने से

उत्तर–(c)

नारी को समान स्थान देने से देश का उद्धार होगा।

154. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा–

(a) भारत मेरा देश

(b) नारी तू नारायणी

(c) भारत और गरीबी

(d) मेरे सपनों का भारत

उत्तर–(b)

उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा–'नारी तू नारायणी'।

155. बाढ़ पीड़ितों की सहायता के संबंध में पत्र लिखा जाता है–

(a) लेखाधिकारी महोदय को

(b) जिलाधिकारी को

(c) कुलपति महोदय को

(d) आचार्य महोदय को

उत्तर–(b)

बाढ़ पीड़ितों की सहायता के संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखा जाता है।

156. किसी अधिकारी को पत्र लिखना हो, तो संबोधन किया जाता है–

(a) माननीय महोदय (b) प्रिय मित्र

(c) पूजनीय (d) प्रिय आत्मज

उत्तर–(a)

यदि किसी अधिकारी को पत्र लिखा जाता है, तो संबोधन 'माननीय महोदय/महोदय' लिखा जाता है।

157. लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिह्न मान लिए गए हैं और जिस रूप में ये लिखे जाते हैं। उसे.....कहते हैं।

(a) स्वर (b) लिपि

(c) ध्वनि कहते हैं (d) व्यंजन कहते हैं

उत्तर–(b)

लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिह्न मान लिए गए हैं और जिस रूप में ये लिखे जाते हैं उसे 'लिपि' कहते हैं।

158. प, फ, ब, भ, म.....व्यंजन होते हैं।

(a) दन्त्य (b) ओष्ठ्य

(c) तालव्य (d) कंठय

उत्तर–(b)

प, फ, ब, भ, म, ओष्ठ्य हैं। त, थ, द, ध, न दन्त्य व्यंजन हैं। च, छ, ज, स, ञ तालव्य व्यंजन और क, ख, ग, घ, ङ कण्ठ्य व्यंजन हैं।

159. दो व्यंजन जब एक साथ मिलते हैं, तो क्या कहलाते हैं?

(a) संयुक्त व्यंजन (b) अल्पप्राण

(c) अंतःस्थ (d) महाप्राण

उत्तर–(a)

दो व्यंजन जब एक साथ मिलते हैं, तो संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं। जैसे–क् + ष = क्ष, त् + र = त्र, ज् + ञ = ज्ञ और श् + र = श्र।

160. वर्ण तालिका के अनुसार ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत क्या है?

(a) स्वर (b) व्यंजन

(c) मात्रा (d) विसर्ग

उत्तर–(a)

उच्चारण के समय की दृष्टि से स्वर के तीन भेद हैं–ह्रस्व स्वर, दीर्घ स्वर और प्लुत स्वर। जिन स्वरों के उच्चारण में कम समय लगता है, उन्हें ह्रस्व स्वर (अ, इ, उ) कहते हैं। जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वरों से अधिक समय लगता है, उन्हें दीर्घ स्वर (आ, ई, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ) कहते हैं। जिन स्वरों के उच्चारण में दीर्घ स्वरों से भी अधिक समय लगता है, उन्हें प्लुत स्वर कहते हैं। जैसे–सुनोऽऽ।

161. महैश्वर्य = महा + ऐश्वर्य में कौन-सा सन्धि नियम समाहित है?

(a) अ + अ = ऐ (b) अ + ऐ = ऐ

(c) आ + ए = ऐ (d) आ + ऐ = ए

उत्तर–(*)

'महैश्वर्य = महा + ऐश्वर्य' में 'आ + ऐ = ऐ' नियम समाहित हैं। इसमें वृद्धि सन्धि है। इस सन्धि के नियम के अनुसार, अ, या आ के बाद ए, ऐ आने पर 'ऐ' और ओ, औ आने पर 'औ' हो जाता है।

162. हमें <u>यथाशक्ति</u> दान करना चाहिए–रेखांकित शब्द में समास को पहचानिए–

(a) अव्ययीभाव समास (b) द्विगु समास

(c) तत्पुरुष समास (d) बहुब्रीहि समास

उत्तर–(a)

रेखांकित शब्द 'यथाशक्ति' में अव्ययीभाव समास है। जिस समास का पहला पद अव्यय एवं प्रधान हो और सामासिक पद अव्यय के रूप में कार्य करे, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं।

163. लोगों ने उसे मार-मार कर <u>अध</u>-मरा किया रेखांकित शब्द क्या है?

(a) संज्ञा (b) उपसर्ग

(c) अव्यय (d) प्रत्यय

उत्तर–(b)

रेखांकित शब्द 'अध' उपसर्ग है, जो शब्दांश शब्दों के प्रारंभ में जुड़कर उनके अर्थ में कुछ विशेषता लाते हैं, उन्हें उपसर्ग कहा जाता है।

164. <u>वाह! वाह!</u> कितना सुंदर दृश्य है। रेखांकित शब्द में कौन-सा अव्यय है?

(a) हर्षबोधक अव्यय (b) शोक बोधक अव्यय

(c) सम्बोधित अव्यय (d) तिरस्कार बोधक अव्यय

उत्तर–(a)

रेखांकित शब्द 'वाह! वाह!' में हर्षबोधक अव्यय है। यह विस्मयादिबोधक अव्यय का एक भेद है। जिन अव्ययों से हर्ष, शोक आदि के भाव सूचित हों, पर उनका संबंध वाक्य या उसके किसी विशेष पद से न हो, उन्हें विस्मयादिबोधक अव्यय कहा जाता है।

165. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द को पहचानिए–

(a) कारण (b) लोहा

(c) बन्दर (d) दूध

उत्तर–(a)

'कारण' शब्द तत्सम शब्द है। लोहा, बन्दर एवं दूध तद्भव शब्द हैं, जिनके तत्सम शब्द क्रमशः लौह, वानर तथा दुग्ध हैं।

166. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द को पहचानिए–

(a) प्रस्तर (b) जामुन

(c) तैल (d) पौत्र

उत्तर–(b)

'जामुन' तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम 'जम्बु' है। प्रस्तर, तैल एवं पौत्र तत्सम शब्द हैं, जिनके तद्भव शब्द क्रमशः पत्थर, तेल तथा पोता हैं।

167. निम्नलिखित शब्दों में से विदेशी शब्द को पहचानिए–

(a) निद्रा (b) अचरज

(c) आलमारी (d) चबूतरा

उत्तर–(c)

आलमारी, बाल्टी, चाबी, फीता, तम्बाकू आदि पुर्तगाली (विदेशी) शब्द हैं।

168. निम्नलिखित में से अर्धतत्सम शब्द को पहचानिए–

(a) दैव (b) पंख

(c) अच्छर (d) बच्चा

उत्तर–(c)

'अच्छर' अर्धतत्सम शब्द है जिसका 'तत्सम', 'अक्षर' है। अर्धतत्सम वे शब्द हैं, जिन्हें हिन्दी में कुछ परिवर्तन के साथ स्वीकार किया गया है। ये पालि, प्राकृत, अपभ्रंश से होते हुए हिन्दी में नहीं आए।

169. जिस संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो उन्हें कहते हैं–

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(b) जातिवाचक संज्ञा

(c) भाववाचक संज्ञा

(d) द्रव्यवाचक संज्ञा

उत्तर–(b)

जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे–लड़का, नदी, पहाड़ आदि।

170. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द विशेषण है?

(a) शासन

(b) अनुशासन

(c) अनुशंसा

(d) अनुशासित

उत्तर–(d)

'अनुशासित' विशेषण शब्द है, जिसका विशेष्य 'अनुशासन' है।

171. वह धीरे-धीरे चल रहा है। रेखांकित शब्द को पहचानिए।

(a) क्रिया (b) संज्ञा

(c) क्रिया-विशेषण (d) सर्वनाम

उत्तर–(c)

रेखांकित शब्द 'धीरे-धीरे' क्रिया-विशेषण है। यह रीतिवाचक क्रिया-विशेषण है। जो शब्द क्रिया की रीति या ढंग बताते हैं, उन्हें रीतिवाचक क्रिया-विशेषण कहा जाता है।

172. रात भर जागना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। रेखांकित शब्द को पहचानिए।

(a) सम्बन्ध सूचक अव्यय

(b) विशेषण

(c) भाववाचक संज्ञा

(d) समुच्चयबोधक अव्यय

उत्तर–(a)

रेखांकित शब्द 'भर' सम्बन्ध सूचक अव्यय है। तक, भर, पर्यन्त आदि सम्बन्ध सूचक अव्यय के भेद (अर्थ के अनुसार) संग्रहवाचक अव्यय हैं।

173. जिन अव्ययों का संबंध वाक्य से नहीं, वक्ता के हर्ष-शोक आदि भावों से होता है वे.....होते हैं।

(a) विस्मयादिबोधक अव्यय (b) सम्बन्ध सूचक अव्यय

(c) क्रिया-विशेषण (d) समुच्चयबोधक अव्यय

उत्तर–(a)

जिन अव्ययों का सम्बन्ध वाक्य से नहीं, वक्ता के हर्ष-शोक आदि भावों से होता है, वे विस्मयादिबोधक अव्यय होते हैं। जैसे–आह!, वाह!, हाय! अरे! आदि।

174. मैं आज तक परीक्षा में सफल ही हुई हूं। रेखांकित शब्द को पहचानिए–

(a) निपात (b) विशेषण

(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

उत्तर–(a)

रेखांकित शब्द 'तक' निपात है। यह बलदायक या सीमाबोधक निपात है। जैसे–तो, ही, तक, सिर्फ, केवल।

175. हमें सूर्य नमस्कार करना चाहिए। रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए–

(a) दिनकर (b) नरेश

(c) कलाधर (d) सारंग

उत्तर–(a)

रेखांकित शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची 'दिनकर' है। सूर्य के अन्य पर्यायवाची हैं–दिवाकर, भानु, भास्कर, दिनेश आदि।

176. लौकिक जगत की माया में सभी फंसे हुए हैं। रेखांकित शब्द का सटीक विलोम बताइए।

(a) अलौकिक (b) कुटिल

(c) सांसारिक (d) दुनियावी

उत्तर–(a)

रेखांकित शब्द 'लौकिक' का विलोम 'अलौकिक' है। कुटिल का विलोम सरल और सांसारिक का विलोम पारलौकिक होता है।

177. श्रुतिसम शब्द-युग्म की भिन्न अर्थ वाली सही जोड़ी को पहचानिए–

(a) कुल–कूल (b) रात्रि–निषा

(c) अभिलाषा–इच्छा (d) किरण–रश्मि

उत्तर–(a)

श्रुतिसम शब्द युग्म की भिन्न अर्थ वाली सही जोड़ी 'कुल-कूल' है। कुल का अर्थ परिवार या समग्र है, जबकि कूल का अर्थ किनारा होता है।

178. जिसकी कोई उपमा न दी जा सके के लिए शब्द होगा–

(a) अनुपम (b) अल्पज्ञ

(c) ज्ञानी (d) अनुयायी

उत्तर–(a)

'जिसकी कोई उपमा न दी जा सके' के लिए एक शब्द 'अनुपम' है। 'जो कम जानता हो' के लिए 'अल्पज्ञ' और 'किसी के पीछे-पीछे चलने वाला/जो पीछे चलता हो' के लिए एक शब्द 'अनुयायी/अनुगामी/अनुचर' है।

179. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द के जोड़े को पहचानिए–

(a) अपेक्षा–उपेक्षा (b) संसार–जगत

(c) शाम–संध्या (d) दिन–दिवस

उत्तर–(a)

'अपेक्षा-उपेक्षा' श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द युग्म है। 'अपेक्षा' का अर्थ 'इच्छा/आशा' है, जबकि 'उपेक्षा' का अर्थ 'निरादर/अवहेलना' है।

180. समानार्थी शब्द की जोड़ी नहीं है–

(a) सुमन–पुष्प (b) निशा–निशाचर

(c) चारपाई–खटिया (d) पाठशाला–विद्यालय

उत्तर–(b)

'निशा-निशाचर' समानार्थी शब्द की जोड़ी नहीं है। निशा का अर्थ रात्रि है, जबकि निशाचर का अर्थ राक्षस होता है। सुमन-पुष्प, चारपाई-खटिया और पाठशाला-विद्यालय समानार्थी शब्द की जोड़ी हैं।

181. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द को पहचानिए–

(a) आर्शीवाद (b) आजीविका

(c) अध्यन (d) उनी

उत्तर–(b)

'आजीविका' शुद्ध शब्द है। आर्शीवाद, अध्यन एवं उनी अशुद्ध शब्द हैं, जिनके शुद्ध रूप क्रमशः आशीर्वाद, अध्ययन तथा ऊनी हैं।

182. हिन्दी में शब्दों के बाद जोड़ने वाले शब्दांशों को क्या कहते हैं?

(a) सर्वनाम (b) परसर्ग

(c) संज्ञा (d) विशेषण

उत्तर–(b)

वे अविकारी शब्दांश जो शब्दों के अंत में जुड़कर उनमें विशेषता या परिवर्तन लाते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं। प्रत्यय को परसर्ग भी कहा जाता है।

183. स्त्रीलिंग-पुल्लिंग का कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) देव–देवी

(b) मामा–मामी

(c) कान्त–कान्ती

(d) गधा–गधी

उत्तर–(c)

स्त्रीलिंग-पुल्लिंग का 'कान्त–कान्ती' जोड़ा सही नहीं है। देव-देवी, मामा-मामी एवं गधा-गधी पुल्लिंग-स्त्रीलिंग के सही जोड़े हैं।

184. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द सदैव बहुवचन होता है?

(a) लड़का (b) प्राण

(c) घोड़ी (d) चिड़िया

उत्तर–(b)

अक्षत, आँसू, ओठ, दाम, दर्शन, प्राण, लोग आदि शब्दों का प्रयोग हिन्दी में सदैव बहुवचन में होता है।

185. निम्नलिखित वाक्यों में से अपूर्ण भूतकाल को पहचानिए–

(a) रामू खाना खा रहा था

(b) माँ खाना बना चुकी है

(c) मुझे बाहर जाना है

(d) हम घूमने जाएंगे

उत्तर–(a)

'रामू खाना खा रहा था'। वाक्य अपूर्ण भूतकाल का है। अपूर्ण भूतकाल से यह ज्ञात होता है कि क्रिया भूतकाल में हो रही थी, किन्तु उसकी समाप्ति का पता नहीं चलता।

186. जिस वाक्य में कर्ता की प्रधानता होती है, लिंग, वचन प्रायः कर्ता के अनुसार होते हैं, वे वाक्य.....कहलाते हैं।

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य

(c) भाववाच्य (d) सरल वाक्य

उत्तर–(b)

जिस वाक्य में कर्ता की प्रधानता होती है, लिंग, वचन प्रायः कर्ता के अनुसार होते हैं, वे वाक्य कर्तृवाच्य कहलाते हैं। जैसे–लड़का खाता है।

187. निम्नलिखित जोड़ों में से उत्तम पुरुष वाले जोड़ों को पहचानिए–

(a) मैं–हम (b) तू–तुम

(c) वह–वे (d) इससे–इन्होंने

उत्तर–(a)

'मैं–हम' उत्तम पुरुष सर्वनाम है। 'तू–तुम' मध्यम पुरुष और 'वह–वे' अन्य पुरुष सर्वनाम हैं।

188. जिस वाक्य में साधारण और मिश्रवाक्य का मेल संयोजक अव्ययों द्वारा होता है उसे कहते हैं.....।

(a) मिश्रवाक्य (b) संयुक्त वाक्य

(c) सरल वाक्य (d) प्रश्नवाचक वाक्य

उत्तर–(b)

जिस वाक्य में साधारण एवं मिश्रवाक्य का मेल संयोजक अवयवों (और, एवं, तथा, या, अथवा, इसलिए आदि) द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। जैसे-वह सुबह गया और शाम को लौट आया।

189. तुम कहां जा रहे हो? वाक्य का प्रकार स्पष्ट कीजिए–

(a) विधिवाचक वाक्य

(b) प्रश्नवाचक वाक्य

(c) निषेधवाचक वाक्य

(d) विस्मयवाचक वाक्य

उत्तर–(b)

'तुम कहां जा रहे हो?' यह प्रश्नवाचक वाक्य है। वे वाक्य जिसमें प्रश्न पूछने का भाव प्रकट हो, प्रश्नवाचक वाक्य कहलाते हैं।

190. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य को पहचानिए–

(a) श्रीमती गांधी भारत की प्रधानमंत्री थीं।

(b) मेरे ऊपर कृपा करें।

(c) मेरे घर के सामने पाठशाला है।

(d) वहां भारी भीड़ थी।

उत्तर–(b)

'मेरे ऊपर कृपा करें।' यह वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप है– 'मुझ पर कृपा करें।'

191. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य को पहचानिए–

(a) मै तुमको कुछ कहता है।
(b) मे और मेरी माँ घुमने जाने वाली है।
(c) प्रत्येक को पाँच-पाँच रुपये दिए जाएं।
(d) तुम्हारे को जाना है।

उत्तर–(c)

विकल्प (c) में प्रस्तुत वाक्य 'प्रत्येक को पाँच-पाँच रुपये दिए जाएं।' शुद्ध है। विकल्प (a) का शुद्ध रूप है–'मैं तुमसे कुछ कहता हूँ।' विकल्प (b) का शुद्ध रूप है–'मैं और मेरी माँ घूमने जाने वाले हैं।' विकल्प (d) का शुद्ध रूप है–'तुम्हें जाना है।'

192. आजकल के बच्चे माता-पिता की आँखों में <u>धूल झोंकने</u> में कुशल हैं। रेखांकित का अर्थ होता है–

(a) धोखा देना (b) उपद्रव करना
(c) मान न देना (d) घमंड दिखाना

उत्तर–(a)

'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का अर्थ 'धोखा देना' होता है।

193. '<u>अन्धों में काना राजा</u>' रेखांकित लोकोक्ति का अर्थ है–

(a) गुणहीनों के बीच एक गुणवान व्यक्ति।
(b) ओछे व्यक्ति में ऐंठन होती है।
(c) बहुत ही लालची।
(d) अकेला आदमी मजबूर होता है।

उत्तर–(a)

'अन्धों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ है 'गुणहीनों के बीच एक गुणवान व्यक्ति।'

194. निम्नलिखित चिह्नों में से पूर्णविराम को पहचानिए

(a) (।) (b) (;)
(c) (-) (d) (?)

उत्तर–(a)

यह (।) पूर्णविराम चिह्न है। प्रत्येक पूर्ण वाक्य के अंत में पूर्णविराम (।) चिह्न का प्रयोग होता है। यह (;) अर्द्ध विराम, यह (-) योजक/संबंध-चिह्न और यह (?) प्रश्नसूचक चिह्न है।

195. <u>×××</u> रेखांकित चिह्न कौन-सा है?

(a) लोपसूचक चिह्न
(b) स्थानसूचक चिह्न
(c) समाप्ति सूचक चिह्न
(d) टीका सूचक चिह्न

उत्तर–(a)

××× यह लोपसूचक चिह्न है। किसी अवतरण का कोई अंश अप्रकाशित रखने में अथवा कुछ ही अंश लिखकर संपूर्ण का बोध कराने में लोपसूचक चिह्न का प्रयोग होता है।

196. मथुरा और वृन्दावन में प्रमुखतः कौन-सी भाषा बोली जाती है?

(a) संस्कृत (b) ब्रजभाषा
(c) मारवाड़ी (d) मराठी

उत्तर–(b)

ब्रजभाषा का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। यह मथुरा, वृन्दावन, आगरा, अलीगढ़ आदि जिलों में बोली जाती है। इस भाषा के प्रसिद्ध कवि सूरदास, रसखान, बिहारी आदि हैं।

197. हिन्दी साहित्य के इतिहास में प्रसिद्ध कबीरदास, सूरदास, महावीर प्रसाद द्विवेदी, प्रेमचंद, हरिवंशराय बच्चन आदि किस प्रदेश से हैं?

(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) उत्तर प्रदेश (d) असम

उत्तर–(c)

हिन्दी साहित्य के इतिहास में प्रसिद्ध कबीरदास, सूरदास, महावीर प्रसाद द्विवेदी, प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन आदि उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित हैं।

198. उत्तर प्रदेश में कौन-सी भाषा नहीं बोली जाती?

(a) ब्रजभाषा (b) कन्नौजी
(c) अवधी (d) पहाड़ी

उत्तर–(d)

पहाड़ी भाषा उत्तर प्रदेश में नहीं बोली जाती, जबकि ब्रजभाषा कन्नौजी, अवधी आदि भाषाएं उत्तर प्रदेश में बोली जाती हैं।

199. कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास आदि कौन-से काल के संत कवि हैं?

(a) आदिकाल
(b) भक्तिकाल
(c) रीतिकाल
(d) आधुनिक काल

उत्तर–(b)

कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास आदि भक्तिकाल के संत कवि हैं। कबीरदास निर्गुणमार्गी काव्यधारा के कवि हैं, जबकि तुलसीदास एवं सूरदास सगुणमार्गी काव्यधारा के कवि हैं।

200. हिन्दी भाषा को कौन-सी लिपि में लिखा जाता है?

(a) गुरुमुखी लिपि
(b) बंगाली लिपि
(c) देवनागरी लिपि
(d) तमिल लिपि

उत्तर–(c)

हिन्दी भाषा को देवनागरी लिपि में लिखा जाता है। पंजाबी भाषा गुरुमुखी लिपि में लिखी जाती है।